वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2014-2015

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया
(भारत सरकार का उपक्रम)
आपका बैंक

United Bank of India
(A Govt. of India Undertaking)
The Bank that begins with U

www.unitedbankofindia.com

असाधारण आम बैठक–मार्च 2015

Extra Ordinary General Meeting - March 2015

विषय-सूची

- निदेशक मंडल 2
- मुख्य महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधकगण 3-4
- बैंक का संक्षिप्त इतिहास और संकल्प 5
- कार्यनिष्पादन की एक झलक 6-7
- शेयरधारकों को संदेश 8-10
- निदेशकों की रिपोर्ट एवं प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण 11-33
- कंपनी अभिशासन की रिपोर्ट 34-57
- घोषणा 58
- सूचीकरण करार के खण्ड 49V के अनुसार प्रमाणपत्र 59
- कंपनी अभिशासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र 60
- स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 61-62
- 31 मार्च, 2015 का तुलन-पत्र 63-65
- अनुसूची 1 - अनुसूची 12 66-75
- 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष का लाभ-हानि लेखा 76-77
- अनुसूची 13 – अनुसूची 18 78-108
- 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह विवरण 109-110
- बासेल - III मानदंडों के अन्तर्गत पीलर-3 का प्रकटीकरण 111-140

CONTENTS

- Board of Directors 142
- Chief General Manager and General Managers 143-144
- Brief History & Vision Statement of the Bank 145
- Performance at a glance 146-147
- Message to Shareholders 148-150
- Director's Report & Management Discussion and Analysis 151-176
- Corporate Governance Report 177-200
- Declaration 201
- Certificate Pursuant to Clause 49V of the Listing Agreement 202
- Auditors' Certicate on Corporate Governance 203
- Independent Auditors' Report 204-205
- Balance Sheet as on 31st March 2015 206-208
- Schedule 1 - Schedule 12 209-217
- Profit & Loss Account for the year ended 31st March 2015 218-219
- Schedule 13 - Schedule 18 220-250
- Cash Flow Statement for the year ended 31st March 2015 251-252
- Pillar - 3 Disclosure under Basel - III Norms 253-288

निदेशक मंडल

श्री पेटलुरी श्रीनिवास
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

श्री दीपक नारंग
कार्यपालक निदेशक

श्री संजय आर्य
कार्यपालक निदेशक

श्री ए के डोगरा
भारत सरकार द्वारा नामित

श्रीमती पार्वती वी सुन्दरम
नामिती-भारतीय रिज़र्व बैंक

श्रीमती रेणुका मुट्टो
अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक

श्री प्रत्यूष सिन्हा
शेयरधारक निदेशक

श्री संजीब पति
कामगार कर्मचारी निदेशक

मुख्य महाप्रबंधक

श्री अंबरीष नंद

श्री शशि शेखर मिश्रा

महाप्रबंधकगण

श्री देबाशीष मुखर्जी

श्री नरेश कुमार कपूर

श्री विकास सीताराम खुटवाड

श्री संजय कुमार

श्री बी. के. पटनायक

श्री रथिन दे

श्री मानस धर

मो. अब्दुल वाहिद

श्री उमेश कुमार राय

श्री वी. सुंदरेशन

श्रीमती सुनंदा बसु

कंपनी सचिव, अनुपालन अधिकारी एवं निदेशक मंडल के सचिव :

श्री बिक्रमजीत सोम

सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक :

मेसर्स राममूर्ति (एन) एंड कंपनी
मेसर्स पी सी बिन्दल एंड कंपनी
मेसर्स एस पी एम आर एंड एसोसियेट्स
मेसर्स दिनेश मेहता एंड कंपनी

रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट :

लिंक इनटाइम प्रा. लि.
सी-13 पन्नालाल सिल्क मिल्स कंपाउंड्स
एल बी एस रोड, भंडुप (प)
मुंबई - 400 078

पंजीकृत कार्यालय का पता :

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया
युनाइटेड टावर
11 हेमंत बसु सरणी
कोलकाता - 700 001

वेबसाइट
www.unitedbankofindia.com
ईमेल
investors@unitedbank.co.in

बैंक का संक्षिप्त इतिहास

"बरगद के नन्हें बीज से एक विशाल वटवृक्ष बनता है" युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के लिए यह सच है। अविभाजित भारत के तत्कालीन पूर्वी भाग में कोमिल्ला जिला में स्थापित, एक छोटा सा बैंक, कोमिल्ला बैंकिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, 1914 में स्थापित किया गया था। यह बिसात इतिहास के साथ बढ़कर 1950 में तीन अन्य बैंकों अर्थात, कोमिल्ला यूनियन बैंक लिमिटेड (1922 में स्थापित), हुगली बैंक लिमिटेड (1932 में स्थापित) और बंगाल सेंट्रल बैंक लिमिटेड (1918 में स्थापित) के विलय के साथ युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया में परिणत हुआ। बैंक का मुख्यालय 4, क्लाइव घाट स्ट्रीट, (वर्तमान में एन.सी.दत्त सरणी), कोलकाता-700 001 में था, जोकि बाद में 11, हेमंत बसु सरणी, कोलकाता-700 001 के वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित हो गया।

19 जुलाई, 1969 को 13 अन्य बैंकों के साथ-साथ इस बैंक का राष्ट्रीयकरण हुआ। बाद में कटक बैंक लिमिटेड, तेजपुर औद्योगिक बैंक लिमिटेड, हिन्दुस्तान मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड और नारंग बैंक ऑफ़ इंडिया लिमिटेड को इस बैंक के साथ विलय कर दिया गया ।

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का क्रमश: विकास हुआ है। राष्ट्रीयकरण के समय में 1969 में 174 शाखाओं का नेटवर्क और 259 करोड़ रुपये का व्यवसाय से शुरू करके, बैंक का अब 2000 से अधिक शाखाओं / कार्यालयों के साथ 3.64 करोड़ से अधिक ग्राहक और 1.78 लाख करोड़ का कुल व्यवसाय है। बैंक ने 2010 में ढाका, बांग्लादेश और बाद में यांगून, म्यांमार में प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित करके अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार किया है। बैंक का अंतरराष्ट्रीय परिचालन, वैदेशिक बैंकों के साथ 616 से अधिक विदेशी संवाददाता के माध्यम से विस्तार नेटवर्क के द्वारा समर्थित है ।

युनाइटेड संकल्प

हमारा संकल्प व्यावसायिकता, विश्वास एवं पारदर्शिता के वातावरण में, समष्टि अभिशासन और सामाजिक उत्तरदायित्वों के उच्चतम मानकों को अपनाकर, समस्त स्वत्वाधारियों की अपेक्षाओं और अपने कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और जोखिम प्रबंधन पर समुचित बल देते हुए, हमारे देश के एक, व्यवसाय वृद्धि एवं लाभप्रदता पर केंद्रीभूत, गतिशील, प्रौद्योगिकी उन्नत, ग्राहक हितैषी, प्रगामी, आर्थिक रूप में सुदृढ़, अखिल भारतीय बैंक के रूप में उभरना है।

सारत:, सर्वोत्कृष्टता की प्राप्ति ही, हमारे बैंक का आंतरिक दर्शन और प्रेरणा स्रोत होगा।

कार्यनिष्पादन की एक झलक

- परिचालनगत लाभ में 17.76% की वृद्धि हुई
- पिछले वर्ष के 1,213 करोड़ रुपये की हानि की तुलना में इस वर्ष शुद्ध लाभ 256 करोड़ रुपये हुआ।
- गैर-ब्याज आय में 44.75% की वृद्धि हुई।
- वित्तीय वर्ष 2014-15 में बैंक की आय अनुपात की लागत में सुधार होकर यह 42.70% रहा जो वित्तीय वर्ष 2014 में 45.31% था।
- वित्तीय वर्ष 2013-14 के जमा लागत 7.13% की तुलना में यह इस वर्ष 6.88% हुआ।
- जमा में 10.79% की वृद्धि हुई।
- पूंजी पर्याप्तता 10.57% रहा टीयर-1 में 7.52% रहा।
- कासा कुल जमा का 42.5% था।

कार्यनिष्पादन की एक झलक

राशि करोड़ ₹ में

मानदंड	2012-13	2013-14	2014-15
शाखाओं की संख्या	1929	2001	2004
पूंजी	1174.71	1354.75	839.52
इक्विटी	374.71	554.75	839.52
पी एन सी पी एस	800	800	0
प्रारक्षित एवं अधिशेष	4709.01	3927.91	4988.52
पूंजी पर्याप्तता			
बासेल-II	11.66%	11.46%	11.42%
बासेल-III	9.01%	9.81%	10.57%
सकल लाभ	2050	2061.74	2427.94
शुद्ध लाभ	391.9	-1213.44	255.99
कुल जमा	100651	111510	108818
औसत जमा	87791	106010	105410
प्रतिशत वृद्धि	15.15%	20.75%	-0.57%
सकल अग्रिम	69708	67982	69070
औसत सकल अग्रिम	60962	72208	65920
प्रतिशत वृद्धि	14.09%	18.45%	-8.71%
कुल व्यवसाय	170359	179492	177888
प्रतिशत वृद्धि	11.35%	5.36%	-0.89%
निवेश	33463	44876	46798
प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र अग्रिम	25604	28950	28651
शुद्ध जमा का प्रतिशत / ए एन बी सी	40.09%	40.10%	40.48%
कुल कर्मचारी	15479	16499	15192
प्रति कर्मचारी व्यवसाय	10.83	10.67	11.51

शेयरधारकों को संदेश

प्रिय शेयरधारकों,

राष्ट्र की सेवा में 65 वर्ष पूरा करने के बाद वर्ष 2014-15 का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बैंक को बेहद खुशी और गर्व हो रहा है । मुझे यह बतलाने में प्रसन्नता है कि, वर्ष 2014-15 के दौरान, युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया ने न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था की अत्यधिक चुनौतियों एवं अस्थिरता के बीच अपनी सहनशीलता को प्रदर्शित किया बल्कि समग्र व्यवसाय कार्य-निष्पादन के मामले में राष्ट्रीयकृत बैंकिंग क्षेत्र में स्थिरता और सक्षमता को भी बनाए रखा ।

इसके अलावा, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपके सतत् समर्थन, हमारे अथक प्रयासों और समर्पण से बैंक के सर्वांगीण कार्यनिष्पादन में सुधार होने के कारण, भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंक पर लगाए गए त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के प्रतिबंधों को हटा दिया है।

प्रारंभ में व्यवसाय परिवेश की समीक्षा करना उचित होगा, जिसके माध्यम से आपके बैंक ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिचालित हुआ है।

आर्थिक वातावरण :

वैश्विक अर्थव्यवस्था: वैश्विक वृद्धि में 2014-15 के दौरान शिथिलता बनी रही । उभरती बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं के उतार-चढ़ाव में अपस्फीति जोखिम और मुद्रास्फीतिकारक दबाव की संभावनाएं विकसित अर्थव्यवस्थाओं में बनी रही। वैश्विक स्तर पर वस्तु की कीमतों में वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान गिरावट जारी रही। वित्तीय बाजारों की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में उतार-चढ़ाव बना रहा । बाहरी मांग की प्रवृत्ति, राजनीतिक अनिश्चितता और घरेलू क्षेत्र की बाध्यताओं के कारण अर्थव्यवस्थाओं में से अधिकांश में मंदी जारी रही ।

भारतीय अर्थव्यवस्था: बीता वर्ष, अर्थव्यवस्था और बैंकिंग उद्योग दोनों के लिए घटनापूर्ण और चुनौतीभरा था। भारतीय रिज़र्व बैंक अपनी उम्मीदों पर नियंत्रण, इसके मुद्रास्फीति लक्ष्यों की विश्वसनीयता तथा बाद में नीति दर कटौतियों के साथ दर सुलभता चक्र पर नियंत्रण रखने के लिए अपस्फीति की गति पर भारतीय अर्थव्यवस्था को बनाए रखने में प्रतिबद्ध रहा। भारतीय रिजर्व बैंक चालू माह में अतिरिक्त चलनिधि को कम करने के लिए लगातार एक दिवसीय परिवर्तनीय ब्याज दर, आरक्षित रेपो निलामी का संचालन किया। चौथे द्विमासिक मौद्रिक नीति विवरण में बैंकिंग प्रणाली के एनडीटीएल के संबंध में 0.75% में 7-दिन और 14-दिन अवधि रेपो के तहत उपलब्ध की जाने वाली चलनिधि और बैंकवार एनडीटीएल 0.25% में एलएएफ के अन्तर्गत एक-दिवसीय चलनिधि हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक ने सीमा निर्धारित की है। चलनिधि को सरल बनाने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक ने दैनिक आधार पर एक-दिवसीय अवधि रेपो और प्रतिवर्ती रेपो को क्रमशः जारी रखा है। पर्याप्त चलनिधि अवस्था के परिणाम स्वरुप बैंकों ने अपने उधार दर से संबंधित नीतिगत दर में हाल ही में हुए ह्रास को संचारित करने में सक्षम हुए हैं, जिससे अर्थव्यवस्था में उत्पादक क्षेत्र हेतु वित्तपोषण अवस्था में सुधार हुआ है ।

केंद्रीय बजट में बुनियादी ढांचे में निवेश को बढ़ावा देने और कारोबारी माहौल के सुधार के साथ-साथ घोषित विभिन्न पहलों से उक्त क्षेत्रों में निजी निवेश के लिए आत्मविश्वास पैदा हुआ जिससे मुद्रास्फीति पर अनुकूल दृष्टिकोण के साथ-साथ उपभोक्ताओं को वास्तविक आय में लाभ दिया तथा कॉर्पोरेट के लिए कम इनपुट लागत का फायदा हुआ।

अनिश्चित वातावरण तथा मानसून का आगमन और विस्तार, साथ ही अप्रत्याशित वैश्विक घटनाएं, आधारभूत विकास के अनुमान के लिए दो प्रमुख जोखिम हैं । सामान्य मानसून मानते हुए, एक सहायक नीतिगत माहौल में चक्रीय उछाल की निरंतरता, और किसी प्रकार के प्रमुख संरचनात्मक परिवर्तन या आपूर्ति झटके का न होते हुए, 2014-15 में 7.5% से 30 आधार अंकों की बढ़ोतरी की तुलना में 2015-16 के लिए उत्पादन में 7.8% की वृद्धि के अनुमान के साथ आर्थिक गतिविधि के सभी धीमे संकेतकों को प्रतिबिंबित करने के लिए एक अधोगामी झुकाव जारी रहा। औद्योगिक क्षेत्र और विशेष रुप से, विनिर्माण के क्षेत्र में उत्पादन को सकारात्मक वृद्धि प्रतीत हुई। जहां बुनियादी वस्तुओं के उत्पादन का विस्तार किया गया, वहां पूंजीगत माल का उत्पादन अपेक्षाकृत अस्थिर रहा और निवेश मांग में स्थिरता लाने के लिए सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा की गई । दो साल के लिए उपभोक्ता टिकाऊ उत्पादन में बने संकुचन, उच्च आयात के साथ-साथ उपभोक्ता मांग में अंतर्निहित कमजोरी को दर्शाती है। सेवा क्षेत्र से मिश्रित संकेत आ रहे हैं। जबकि राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी का सुझाव है कि वस्तुओं के लिए मांग के संबंध में सेवाओं के लिए उपभोक्ता मांग मजबूत है, और प्रबंधकों की अपनाई गई गतिविधि से नए आदेशों का विस्तार हुआ है, सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के विभिन्न आकस्मिक संकेतक अर्थात रेलवे और बंदरगाह यातायात, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, अंतर्राष्ट्रीय माल ढुलाई, पर्यटकों के आगमन, मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर की बिक्री के साथ-साथ बैंक ऋण और जमा वृद्धि भी नियंत्रण में रहा ।

बैंक का कार्यनिष्पादन :

वित्तीय वर्ष 2014-15 युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (युबीआई) के लिए समान रूप से चुनौतीपूर्ण था। हमने इन परीक्षण के समय में हमारे व्यापार रणनीतियों को पुनर्परिभाषित दौर के माध्यम से किया है। वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान, हमने व्यवसायों को सुव्यवस्थित कर लिया है और पूंजी अनुपात में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाया है और सबसे महत्वपूर्ण बात को मैं सहर्ष घोषणा करना चाहता हूं कि हमारे बैंक ने मार्च, 2014 को 1213.45 करोड़ रुपए के नुकसान की तुलना में मार्च, 2015 को 255.99 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है ।

वित्तीय वर्ष 2014-15 में मुख्य कार्य-निष्पादन संकेतक:

- आपका बैंक का कुल व्यवसाय 31.03.2015 तक 1,77,888 करोड़ रुपए हुआ।
- उच्च लागत जमा का विस्तार और अपने खुदरा जमा को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देने के लिए कुल जमाराशि में 2.41% की नकारात्मक वृद्धि दर्ज करते हुए 1,08,818 करोड़ रुपए हुई।

- आपका बैंक ने महत्वपूर्ण तरीके से मार्च 2015 को 1,483 करोड़ रुपए की अपनी उच्च लागत अधिमान्य दर जमाराशि का विस्तार किया, मार्च, 2014 को यह राशि 7,975 करोड़ रुपए थी ।
- कुल जमा में कासा की हिस्सेदारी मार्च 2014 को 36.98% की तुलना में मार्च 2015 के अंत तक 42.05% सुधार हुआ।
- भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिबंध समेत बैंकिंग क्षेत्र में शिथिल ऋण वृद्धि के साथ कुल अग्रिम में 1.60% की मामूली वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2015 के अंत तक कुल अग्रिम 69,070 करोड़ रुपए हुआ।
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का अग्रिम बैंक का ताकत बना रहा, जिसमें आपका बैंक ने सभी लक्ष्यों को हासिल कर लिया ।
- आपका बैंक का परिचालन लाभ मार्च 2014 को 2062 करोड़ रुपए की तुलना में 17.76% की वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च, 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 2428 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई ।
- वर्ष 2014 में एनपीए से नकद वसूली 1084 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष 1237 करोड़ रुपए हुई, जबकि वित्तीय वर्ष 2014 को 2288 करोड़ रुपए की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015 को उन्नत परिसंपत्तियों की राशि 2655 करोड़ रुपए हुई ।
- सकल एनपीए 7118 करोड़ रुपए (मार्च, 2014) से कम होकर 6553 करोड़ रुपए (मार्च, 2015) हो गया ।
- शुद्ध एनपीए मार्च 2014 को 4664 करोड़ रुपए से घटकर मार्च, 2015 को 4081 करोड़ रुपए हो गया ।
- सकल एनपीए का अनुपात मार्च, 2014 को 10.47% से ह्रास होकर मार्च, 2015 9.49% हो गया ।
- आपका बैंक की परिसंपत्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) मार्च 2014 के 0.99% से पर्याप्त रूप से सुधरकर मार्च 2015 में 0.21% हुआ है ।
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात 7.52% की टीयर 1 अनुपात के साथ मार्च 2015 में 10.57% करने के लिए मार्च 2014 के 9.81% से उन्नत होकर मार्च 2015 में 10.57% सुधार हुआ।
- बैंक ने सफलतापूर्वक बैंक मित्र के माध्यम से एईपीएस 'ऑन-यूएस' और 'ऑफ-यूएस' जारीकर्ता/प्राप्तकर्ता लेन-देन को कार्यान्वित किया है । फिर भी, कोई ग्राहक आधार संबद्ध खाते को बैंक मित्र के माइक्रो एटीएम के माध्यम से लेन - देन कर सकता है ।
- अनुकूल विपणन के कारण पिछले वर्ष के दौरान रू. 526 करोड़ की तुलना में बैंक ने वर्ष के दौरान रू.1168 करोड़ का कुल व्यापारिक लाभ अर्जित किया ।
- बैंक की वैदेशिक अवस्थिति दो देशों जैसे; म्यांमार और बांगलादेश में है । ढाका, बांगलादेश और यांगून, म्यांमार प्रत्येक में एक प्रतिनिधि कार्यालय है । इंडो- म्यांमार का व्यापार हमारे बैंक के जरिए किया जाता है ।
- बांगलादेश के 20 बैंकों द्वारा यूएसडी और यूरो मुद्रा में तीस (30) वोस्ट्रो खाते और म्यांमार के तेरह (13) बैंकों के द्वारा यूरो, यूएसडी, एसजीडी मुद्राओं में इक्कीस (21) वोस्ट्रो खातों का हमारे बैंक में परिचालित किया जाता है ।
- विदेश में दस (10) मुद्राओं में परिचालित 24 नोस्ट्रो खाते में वैदेशिक बैंकों में खोले गए 616 संपर्कों संबंध के माध्यम से, व्यापक नेटवर्क के जरिए बैंक का अंतरराष्ट्रीय परिचालन समर्थित है ।
- बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान रू. 8292 करोड़ लक्ष्य के मुकाबले 88% की सीमा तक लक्ष्य की रिकॉर्ड उपलब्धि पाते हुए रू. 7283 करोड़ संवितरित किया है। 31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार कृषि क्षेत्र के लिए ऋण रू. 9073 करोड़ रहा जो एएनबीसी का लगभग 13% है। प्रत्यक्ष कृषि ऋण रू. 5898 करोड़ (एएनबीसी का 8.36%) है। बैंक ने हर साल अप्रत्यक्ष कृषि के तहत लक्ष्य प्राप्ति को बनाए रखा है जो एएनबीसी का 4.5% है।
- बैंक ने उत्पादन, निवेश, कृषि उपकरणों के रखरखाव, वार्षिक मूल्य वृद्धि के साथ- साथ उपभोग की दिशा में कृषक समुदाय की जरूरत के सभी प्रकार की देखभाल 5 साल तक पूरा करने के लिए समग्र क्रेडिट सीमा में संशोधित योजना के तहत किसान के क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जारी करने के लिए सफलतापूर्वक संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया है। बैंक ने रू. 751 करोड़ की ऋण सीमा के साथ 2014-15 के दौरान 150,019 नया केसीसी जारी किया है 31.03.2015 तक रू. 2043.59 करोड़ रुपये का कुल बकाया के साथ बकाया जारी किए गए केसीसी की संख्या 542,790 थी। सरकार के दिशा निर्देशों के साथ केसीसी धारकों के लिए रूपे आधारित एटीएम कार्ड जारी करने के क्रम में बैंक ने 31.03.2015 तक केसीसी धारकों के लिए 2.24 लाख एटीएम कार्ड जारी किया है जिसमें से 65% सक्षम केसीसी धारक (अनपढ़, अनिच्छुक और एनपीए केसीसी धारक को छोड़कर) हैं ।
- बैंक के रू. 333.67 करोड़ रुपए की बकाया राशि के साथ 87,799 स्वयं सहायता समूहों के साथ क्रेडिट लिंकेज है। वित्तीय वर्ष 2014-15 में 5808 स्वयं सहायता समूहों को 30 करोड़ रुपए की ऋण सीमा के साथ क्रेडिट लिंक दिया गया है। बैंक एसएलबीसी, पश्चिम बंगाल के निर्णय के अनुसार स्वयं सहायता समूहों के पहली ग्रेडिंग पर 1 लाख की प्रारंभिक क्रेडिट सीमा प्रदान करके स्वयं सहायता समूहों के लिए एनआरएलएम कार्यक्रम को लागू किया है।
- बैंक ने अब तक समाज के दलित समुदाय से भावी उद्यमियों को प्रशिक्षण देने के लिए पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा राज्यों में 12 आरसेटी का गठन किया है। वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान इन संस्थानों ने 10,673 ग्रामीण युवाओं / महिलाओं को प्रशिक्षण दिया है जिनमें से 75% प्रशिक्षुओं ने स्वयं का आर्थिक उद्यम स्थापित किया है। कुल स्व रोजगार के प्रशिक्षुओं में से 85% महिलाओं और कमजोर वर्गों समुदायों के हैं। इन संस्थानों के प्रशिक्षुओं को अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करने में सक्षम करने के लिए हमारे बैंक शाखाओं से ऋण की व्यवस्था सहित प्रशिक्षण समर्थन (एस्कॉर्ट सेवाएँ) प्रदान किया जा रहा है।

- बैंक ने समाज के निर्धन लोगों के लिए वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श सेवाओं का विस्तार करने के लिए पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और मणिपुर राज्यों में 38 वित्तीय साक्षरता केन्द्रों (एफएलसीएस) की स्थापना की है। वित्तीय वर्ष 2014-15 में, उक्त एफएलसीएस द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के लिए नियमित बाहरी क्रियाकलाप आयोजित किए गए।
- 31 मार्च, 2015 को कमजोर वर्ग के लिए ऋण रू. 7350 करोड़ पहुँचा है जो 10% की निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले एएनबीसी का 10.42% है। कमजोर वर्गों को ऋण प्रदान करना बैंक का प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है जहाँ देश के पूर्वी और उत्तरी पूर्वी हिस्सों में ग्रामीण और अर्ध शहरी आबादी का अधिकांश हिस्सा इसी खंड से संबंधित है।
- अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बैंक का ऋण मार्च 2015 के अंत तक रू. 4285 करोड़ पहुँच गया जो पीएसएल शर्त के अनुरूप 15% है। वित्त विस्तार के अलावा बैंक ने सच्चर समिति की सिफारिश के अनुसार वित्तीय साक्षरता आदि की दिशा में सभी आवश्यक कार्रवाई भी किया है।
- आपका बैंक ने गैर महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए आभासी वातावरण में कुछ भौतिक सर्वरों को मजबूत बनाने के लिए ग्रीन पहल की है। आभासी सेवाओं को सक्षम करके, बैंक ने बिजली की खपत और कार्बन पदचिह्न में कमी करते हुए डाटा सेंटर में बेहतर सर्वर प्रबंधन करने में सक्षम हुआ है ।
- भारत सरकार से अनुमोदन और शेयरधारकों की मंजूरी से वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान आपके बैंक ने दो चरणों में 800 करोड़ रुपये के पीएनसीपीएस को इक्विटी पूंजी में बदल दिया है। इसके अलावा, आम इक्विटी पूंजी की स्थिति को बढ़ाने के लिए, आपका बैंक ने एलआईसी को तरलीही आवंटन के आधार पर 8,45,07,042 इक्विटी शेयर जारी कर 300 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल :

- आपका बैंक रणनीतिक के रूप में कुल जमा लागत में कमी करने के लिए उच्च लागत जमा संग्रहण में काफी कमी की है। फलस्वरूप, तरलीही दर जमा का हिस्सा 7.15% से कम हो कर 1.36% रह गया है। बैंक आक्रामक तरीके से अपने खुदरा जमा उत्पादों को बढ़ावा देते हुए कोर जमा आधार पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- ऋण निगरानी प्रक्रिया काफी मजबूत किया गया है और "दबावग्रस्त खातों को पहले पता लगाने" के लिए प्रणाली लागू की गई है ताकि समय पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा सके।
- कोलकाता में एक केंद्रीकृत खुदरा ऋण केंद्र खोलकर, वर्तमान खुदरा ऋण केंद्रों को सुदृढ़ किया गया है। 31 मार्च 2015 तक पूरे भारत में बैंक के कुल 24 खुदरा ऋण केन्द्र परिचालित हैं।
- ऋण प्रसंस्करण गतिविधियों को केंद्रीकृत करने की प्रक्रिया में, एक केंद्रीकृत ऋण प्रसंस्करण केंद्र (सीसीपीसी) और एक एमएसएमई ऋण प्रसंस्करण केंद्र, कोलकाता में खोला गया है।
- व्यापार के विस्तार के लिए, 5 नई शाखाएं के शुभारंभ के साथ, कुल मौजूदा शाखाओं की संख्या 2004 तक पहुँच गई है और वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान 312 नए एटीएम खोले गए हैं।

सामाजिक पहल :

- 31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार, बैंक के वित्तीय समावेशन अभियान के तहत 13,250 गांवों को शामिल किया गया है। अभी 4252 बैंक मित्र उप सेवा क्षेत्र (एसएसए) दृष्टिकोण के तहत काम कर रहे हैं। आपका बैंक ने इस पहल का समर्थन करने के लिए देश भर में 2681 अति लघु शाखाओं की स्थापना की है।
- प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत, आपका बैंक ने 51.47 लाख बैंक-रहित परिवारों को शामिल किया है, 38.60 लाख खाते खोले हैं और 30.63 लाख रुपे कार्ड जारी किए हैं।

पुरस्कार और प्रशंसा:

- प्रधान मंत्री जन धन योजना के विभिन्न मुख्य मापदंडों के तहत उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए आपका बैंक को 'उत्कृष्टता पुरस्कार' हासिल हुआ है। माननीय केन्द्रीय मंत्री एमएसएमई, भारत सरकार श्री कलराज मिश्र ने नई दिल्ली में 25 मार्च 2015 को बैंक को पुरस्कार प्रदान किया।

बैंक के कॉरपोरेट लक्ष्य एवं रणनीति:

बैंक के घरेलू आर्थिक वातावरण और कॉर्पोरेट व्यापार भावनाओं में सुधार से लाभ होने की उम्मीद है। बैंक अवसरों से लाभ उठाते हुए स्थायी रूप में अपने व्यापार को बढ़ाएगा।

आपका बैंक विश्वास करता है कि बैंकिंग के इन मुख्य पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर, बैंक केवल महत्वपूर्ण व्यापार वृद्धि ही नहीं कर सकता, बल्कि इससे लाभप्रदता और सुदृढ़ता सूचक के सुधार करने में भी मदद मिलेगी ।

अन्त में, मैं बैंक के महत्वपूर्ण शेयरधारकों और ग्राहकों को उनके निरंतर संरक्षण और सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूं और भविष्य में उनके निरंतर समर्थन और सहयोग की अपेक्षा करता हूं। मैं अपने प्रमोटर, भारत सरकार, नियामकों, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, स्टॉक एक्सचेंजों और अन्य को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिए भी आभारी हूं। मैं बैंक के निदेशक मंडल से प्राप्त बहुमूल्य समर्थन और सहयोग को भी स्वीकार करता हूं। मैं रिकॉर्ड में लाना चाहता हूं कि सभी स्तरों पर, कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान के चलते प्रगति हुई है, जिनकी मैं सराहना करता हूं, जो उनके योगदान के बिना अप्राप्य था।

पी श्रीनिवास
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशक मंडल 31 मार्च, 2015 (वित्तीय वर्ष 2014-15) को समाप्त वर्ष के लिए बैंक की 64वें वार्षिक रिपोर्ट तथा इसके साथ 31.03.2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लेखा परीक्षित तुलन पत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा व्यवसाय एवं परिचालन संबंधी अपनी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है ।

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

1. आर्थिक वातावरण

वैश्विक अर्थव्यवस्था:
वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान, वैश्विक आर्थिक सुधार धीमी रही और अर्थव्यवस्था में विविधता समेत उभरती बाजार अर्थव्यवस्था (ईएमई) का सामना मंदी के साथ हुआ । जबकि अग्रिम अर्थव्यवस्था (एई) अपस्फीति के जोखिम के लिए संदिग्ध रही, मौद्रिक नीति की सहजता के लिए छूट देते हुए मुख्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का दबाव बना रहा । वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान वैश्विक वस्तुओं की कीमतों में गिरावट जारी रही । वित्तीय बाजार अच्छा रहा लेकिन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नीति विकास का मूल्य निर्धारण परिवर्तनशील रहा । एक ओर कमजोर बाहरी मांग, राजनीतिक अनिश्चितताओं और घरेलू आपूर्ति पक्ष की कमी के कारण अधिक उभरती बाजार अर्थव्यवस्था में धीमी गति जारी रही, दूसरी ओर काफी अवधि के लिए अपनाई गई अल्ट्रा उदार मौद्रिक नीतियों के बावजूद, वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान अग्रिम अर्थव्यवस्था शिथिल रही ।

भारतीय अर्थव्यवस्था :
2014-15 में नियंत्रित मुद्रास्फीति के आधार पर आशाजनक आर्थिक दृष्टिकोण, घरेलू मांग में वृद्धि, निवेश में बढ़ोत्तरी, तेल की कीमतों में गिरावट और अन्य बातों में सुधारों के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरी है ।

सकल घरेलू उत्पाद :
केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 (आधार वर्ष 2011-12) के लिए सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर को पिछले 2013-14 वर्ष के 6.9 प्रतिशत विकास दर की तुलना में 7.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था ।

मंत्रालय द्वारा सकल घरेलू उत्पाद के बारे में वर्ष 2014-15 (आधार वर्ष 2011-12) के लिए पूर्वानुमान की विशेषताओं को निम्नरुप में संक्षेपित किया गया है:

वर्ष 2012-13 के लिए सकल घरेलू उत्पाद रु99.21 लाख करोड़ की तुलना में, वित्तीय वर्ष 2013-14 में 6.9% की वृद्धि के आधार पर 7.4% की वृद्धि दर प्रदर्शित करते हुए, वर्ष 2014-15 में रु106.57 लाख करोड़ का अनुमान लगाया गया था ।

कृषि :
कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्र में प्रति वर्ष 3.7% की वृद्धि दर के मुकाबले सकल मूल्य (आधार वर्ष : 2011-12) में 1.1% बढ़ने की संभावना है।

उद्योग :
वर्ष 2013-14 के दौरान विनिर्माण, खनन और उत्खनन, बिजली, गैस और जल आपूर्ति और निर्माण में अनुमानित विकास दर 5.3%, 5.4%,4.8% और 2.5% की तुलना में वर्ष 2014-15 में क्रमशः 6.8%, 2.3% और 4.5% होने का अनुमान लगाया गया था ।

जिन क्षेत्रों में 7% से अधिक की अनुमानित वृद्धि दर दर्ज की गई है, वे हैं : वित्तीय, रियल इस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं, व्यापार, होटल, परिवहन, प्रसारण से संबंधित संचार और सेवाएं, लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाएं, बिजली, गैस, पानी की आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं ।

ऋण की क्षेत्रवार वृद्धि :
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी क्रेडिट डेटा की क्षेत्रीय उपयोगिता के अनुसार, वृद्धिशील गैर खाद्य ऋण में वर्ष 2013-14 के दौरान 14.3% की वृद्धि की तुलना में वर्ष 2014-15 में 8.6% की सामान्य वृद्धि दर्ज हुई । वर्ष 2013-14 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में ऋण की वृद्धि निम्न प्रकार थी :

- वर्ष 2013-14 के दौरान कृषि और संबंधित गतिविधियों के लिए ऋण 13.5 प्रतिशत की तुलना में, 2014-15 के दौरान 15.0 फीसदी की वृद्धि हुई ।
- उद्योग को दिए गए ऋण में वर्ष 2014-15 के दौरान, 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो, वर्ष 2013-14 के दौरान हुई 13.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम है । उद्योगों के ऋण वृद्धि में मंदी, निर्माण को छोड़कर सभी प्रमुख उपक्षेत्रों में पाई गई है ।
- सभी प्रमुख उपक्षेत्रों में पाए गए मंदी के साथ सेवा क्षेत्रों को दिए गए ऋण में वर्ष 2014-15 के दौरान 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो, वर्ष 2013-14 के दौरान हुई 16.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम है ।
- एनबीएफसी को दिए गए ऋण में वर्ष 2013-14 के दौरान हुई 13.2 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में वर्ष 2014-15 के दौरान 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।
- व्यक्तिगत ऋण में वर्ष 2013-14 के दौरान हुई 15.5 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में वर्ष 2014-15 के दौरान 15.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

मुद्रास्फीति :
थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू पी आई) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति की वार्षिक दर पिछले वर्ष के तदनुरुपी माह के दौरान 6 और पांचवे परवर्ती माह के लिए वर्षानुवर्ष अवस्फीति में रिकार्ड किए गए फरवरी, 2015 के 2.1% की तुलना में मार्च, 2015 में 2.3% की निम्न श्रृंखला तक रही। मुद्रास्फीति में वर्ष दर वर्ष गिरावट डब्ल्यू पी आई के सभी श्रेणियों की सामान्य कीमतों में नियंत्रण के कारण था ।

प्राथमिक वस्तुएं: (20.1% भार)
चाय, मूंग (प्रत्येक 6%), कॉफी और अण्डा (प्रत्येक 4%), चावल एवं पोर्क (प्रत्येक 3%), ज्वार और जौ (प्रत्येक 2%), और समुद्री मछली, फल और सब्जियां, मशाला और गाय और भैंस का मांस (प्रत्येक 1%) की कीमतों में नियंत्रण के कारण खाद्य मुद्रास्फीति में मार्च, 2014 के 9.57% की तुलना में वर्ष 2015 में 6.31% की तेज गिरावट दर्ज की गई है । हालांकि, अरहर, पोल्ट्री चिकन, मटन, देसी मछली और मक्का की कीमत में प्रत्येक 3%, रागी, बाजरा और चना में प्रत्येक 2% और मसूर और दूध में प्रत्येक 1% की वृद्धि हुई है ।

4.26% की भारांक के साथ गैर खाद्य वस्तु समूह में मार्च, 2014 के सकारात्मक 4.87% की तुलना में 7.12% की गिरावट हुई है । फूल, चारा (7%), जौनजेली के बीज, ग्वार के बीज और अरंडी के बीज (प्रत्येक 4%), कच्चे रेशम (3%), कॉयर रबड़ (2%) और कच्ची रबड़, सोयाबीन और अलसी (प्रत्येक 1%) की कम कीमतें गैर खाद्य वस्तु समूह में गिरावट का कारण है ।

इंधन एवं बिजली: (14.9 % भार)
इंधन एवं बिजली सूचकांक मुद्रास्फीति मार्च, 2014 की तुलना में नकारात्मक वृद्धि दर्ज करते हुए भी अपने सभी घटकों में सामान्य रही । इंधन एवं बिजली मुद्रास्फीति में तेज गिरावट का कारण था, हाई स्पीड डीजल और पेट्रोल की कीमतों में गिरावट के कारण दर्ज की गई 17.7% की नकारात्मक वृद्धि ।

विनिर्मित उत्पाद: (64.97%)
विनिर्मित उत्पाद थोक मूल्य अक्टूबर, 2014 में 2.50% से नवम्बर, 2014 में 1.90%, दिसम्बर, 2014 में 1.44%, जनवरी, 2015 में 1.05% और फरवरी, 2015 में 0.33% से मार्च, 2015 में 0.19% की चलन में एक निरंतर गिरावट दर्ज की गयी है । विनिर्मित उत्पाद में से टोकरी, खाद्य उत्पादों की कीमतें, पेय पदार्थों, कपड़ा, लकड़ी एवं लकड़ी उत्पाद, चमड़ा, रबर और प्लास्टिक और रासायनिक और रासायनिक उत्पादों की कीमतों में सामान्य चलन देखा गया है जिसने विनिर्मित सूचकांक को सामान्यता की ओर अग्रसर किया है ।

सीपीआई:
उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति की वार्षिक दर, कोरसीपीआई (फरवरी,15) 4.15% के समरुप 1.14% (मार्च,15) पर स्थिर रहने के बावजूद भी खाद्य मुद्रास्फीति के सरलीकरण से लाभ प्राप्त फरवरी, 2015 में 5.4% से वर्षवार अवधि में मार्च 2015 में 5.2% की गिरावट आई ।

औसत मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2014-15:
इंधन की कीमतों में तेज गिरावट होने से औसत थोक मूल्य सूचकांक में 2013-14 के 6% के समरुप 2014-15 में 3.4% (अप्रैल-दिसम्बर) की गिरावट आई है । थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति ने यहां तक की नवम्बर, 2014 और जनवरी, 2015 में 0 के मनोवैज्ञानिक स्तर को भी भंग किया है ।
यह गिरावट अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण खाद्य और इंधन की कीमतों में कमी की वजह से हुई थी । 2014-15 के प्रथम तिमाही के दौरान, थोक मूल्य सूचकांक हेडलाइन मुद्रास्फीति, मुख्य रुप से खाद्य और इंधन की कीमतों के ज्यादा होने से 5.8% पर रही । 2014-15 की दूसरी और तीसरी तिमाहियों में, थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में 3.9% की गिरावट हुई और क्रमश: 0.5% थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति जो 2013-14 के दौरान 9.4% पर उच्च बनी हुई है, सब्जियों की कीमतों में तेज सुधार और अनाज और अंडे, मांस और मछली की कीमतों के सामान्य बने रहने से अप्रैल-दिसम्बर, 2014 के दौरान 4.8% तक सीमित रही ।

बाह्य क्षेत्र:
वित्तीय वर्ष 2014-15 की दूसरी छमाही में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में सुधार के कारण जनवरी 2015 के अंत तक (यूएस 328.7 मिलियन डॉलर) विदेशी मुद्रा रिजर्व का निर्माण और स्थिर विनिमय दर का बना रहना मजबूत बाह्य क्षेत्र के परिणाम को दर्शाता है ।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कुल निर्यात अमेरिका डॉलर ($) 314,415.73 मिलियन की तुलना में अमेरिका डॉलर ($) 310,533,870,000 मिलियन था जहाँ 1.23% की वृद्धि दर्ज की गयी । इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कुल आयात वित्तीय वर्ष 2013-14 के अमेरिका डॉलर ($) 450,213.63 मिलियन की तुलना में 0.59% ($) 447,548.33 करोड़ की गिरावट आई है।
3री तिमाही में आयात की मात्रा में वृद्धि के बावजूद पीओएल आयात के कारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट एक बड़ी बचत में स्थांतरित हुई है । वर्ष 2014-15 के दौरान तेल का आयात अमेरिका डॉलर ($) 138261.66 मिलियन मूल्य का किया गया जो पिछले साल की इसी अवधि में अमेरिका डॉलर ($) 164770.33 मिलियन के तेल के आयात की तुलना में 16.09 प्रतिशत कम था। सितंबर-नवंबर में मौसमी सह दबी हुई मांग में तेजी के कारण सोने का आयात भी सामान्य रहा। हालांकि, मई के आरंभ से विस्तारित दौर में गैर-तेल और गैर-सोना आयात वृद्धि स्थिर और सकारात्मक क्षेत्र में बने रहे । अप्रैल-मार्च 2014-15 के दौरान कुल गैर-तेल आयात अमेरिका डॉलर ($) 309,286.67 मिलियन मूल्य का था जो वित्तीय वर्ष 2013-14 में अमेरिका डॉलर ($) 285443.30 मिलियन आयात मूल्य की तुलना के स्तर से 8.35% अधिक था ।
अप्रैल-मार्च 2014-15 के लिए व्यापार घाटा अमेरिका डॉलर ($) 137014.46 मिलियन अनुमान लगाया गया था जो अप्रैल-मार्च 2013-14 के दौरान अमेरिका डॉलर ($) 135797.90 मिलियन के घाटा की तुलना में अधिक था ।
2014-15 के लिए चालू खाता घाटा (सीएडी) का अनुमान वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत 1.3 पर रखा गया है जो पहले के अनुमानों की तुलना में काफी कम है। सीएडी मुख्य रूप से शुद्ध पूंजी प्रवाह द्वारा वित्त पोषित किया गया है । मुख्य रूप से इक्विटी संविभाग के रूप में लेकिन यह भी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी वाणिज्यिक उधारी के द्वारा समर्थित किया गया है।

मौद्रिक और बैंकिंग घटनाक्रमों
अप्रैल 2014 में, 2014-15 के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की समीक्षा, अमेरिका, ब्रिटेन और जापान जैसे बाहरी अर्थव्यवस्था में धीमी वृद्धि और संभावित एल नीनो प्रभाव , कृषि जिंसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की स्थापना और अन्य प्रशासित मूल्य (ईंधन, उर्वरक और बिजली) की स्थापना पर अनिश्चितता के कारण सामान्य मानसून से कम होने से उत्पन्न जोखिम जैसे घरेलू कारकों के अलावा उभरती और विकसित अर्थ-व्यवस्था में गिरावट भरी तेजी की अनिश्चितता के माहौल में तैयार की गई थी । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा

तत्कालीन नीति का उद्देश्य अवस्फीति ग्लाइड पथ पर अर्थ व्यवस्था को रखते हुए ध्यान केंद्रित करने का इरादा था ताकि जनवरी 2015 से सीपीआई मुद्रास्फीति 8 प्रतिशत हिट करने और जनवरी 2016 द्वारा 6 प्रतिशत हिट करने का इरादा रखा गया है।

वर्ष 2014-15 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण नीतिगत उपायों की घोषणा की गयी है ।

क. वर्ष के दौरान सीआरआर, एसएलआर और रेपो दर में परिवर्तन:

तिथि	सीआरआर	एसएलआर	रेपो	रिवर्स रेपो	एमएसएफ	बैंक दर
	(09.02.2013 से)	(11.08.2012 से)	(28.01.2014 से)	(28.01.2014 से)	(28.01.2014 से)	(28.01.2014 से)
01.04.2014	4.00%	23.00%	8.00%	7.00%	9.00%	9.00%
14.06.2014	4.00%	22.50%	8.00%	7.00%	9.00%	9.00%
09.08.2014	4.00%	22.00%	8.00%	7.00%	9.00%	9.00%
15.01.2015	4.00%	22.00%	7.75%	6.75%	8.75%	8.75%
03.02.2015	4.00%	21.50%	7.75%	6.75%	8.75%	8.75%
04.03.2015	4.00%	21.50%	7.50%	6.50%	8.50%	8.50%

ख. उपरोक्त के अलावा मौद्रिक नीति की घोषणाओं से, भारतीय रिजर्व बैंक भी वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान निम्नलिखित विकास और नियामक नीतियों की घोषणा की:

1. काउंटर चक्रीय पूंजी बफर के कार्यान्वयन पर दिशानिर्देश

भारतीय रिजर्व बैंक ने तत्काल प्रभाव, दिनांक 05.02.2015 से सीसीसीबी के कार्यान्वयन के लिए अंतिम दिशानिर्देश जारी किया है। दिशानिर्देश में उल्लेख किया गया है कि सीसीसीबी की सक्रियता तभी होगी जब इसकी आवश्यकता होगी, जिसका निष्पादन समय सीमा सामन्यत(कोलन) 4 तिमाही पूर्व घोषणा की जाएगी । भारतीय रिजर्व बैंक ने संकेत दिया है कि सीसीसीबी की सक्रियता के मुख्य संकेतक जीडीपी खाई के लिए ऋण है, जो जीएनपीए वृद्धि के साथ संयोजन के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

2. नई डिपोजिटरी रसीद योजना

केन्द्र सरकार द्वारा एडीआर / जीडीआर के तहत निवेश के लिए डिपॉजिटरी रसीद योजना,2014 (डीआर योजना, 2014) नामक एक नई योजना 15 दिसंबर 2014 से अधिसूचित किया गया है, जो विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड को छोड़कर विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड और सामान्य शेयर (डिपोजिटरी रसीद तंत्र के माध्यम से) योजना, 1993 के मौजूदा दिशा निर्देशों को निरस्त करता है।

3. सरकारी प्रतिभूतियों में रि-रेपो

भारतीय रिजर्व बैंक के पास सहायक सामान्य खाता बही (एसजीएल) को बनाए रखने वाले अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और प्राथमिक व्यापारियों (पीडी) सहित राज्य विकास ऋण एवं ट्रेजरी बिल जो रिवर्स रिपो के तहत अधिग्रहित किया गया है, जिसको अनुमति फ़रवरी 2015 में भारतीय रिजर्व बैंक ने दी है, बशर्ते कि इसे फरवरी 2015 में आईटी बुनियादी ढांचे के विकास और उचित नियंत्रण करने के लिए किया गया हो । भारतीय रिजर्व बैंक के पास एसजीएल खातों बनाए रखने वाली म्युचुअल फंड एवं बीमा कंपनियां को भी रि रिपो की अनुमति है बशर्ते उनके संबंधित नियंत्रक से इसका अनुमोदन हो।

4.भुगतान बैंक के लाइसेंस के दिशा निर्देश

अतिरिक्त वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों के लिए नवंबर 2014 में भारतीय रिजर्व बैंक ने भुगतान बैंकों के लाइसेंस के लिए दिशा निर्देश निम्नांकित मुहैया करने हेतु जारी किया है (i) लघु बचत खातों और (ii) प्रवासी श्रमिकों, कम आय वाले परिवारों, छोटे व्यापारों, अन्य असंगठित क्षेत्र की संस्थाओं एवं अन्य उपयोगकर्ताओं को भुगतान / प्रेषण सेवाओं प्रदान करने के लिए ।

5. निजी क्षेत्र में छोटे वित्त बैंकों के लाइसेंस के दिशा निर्देश

अतिरिक्त वित्तीय समावेशन के लिए नवंबर 2014 में भारतीय रिजर्व बैंक ने लघु वित्त बैंकों, जिसका न्यूनतम पूंजी की आवश्यकता 100 करोड़ रुपये हो, उसके लाइसेंस के लिए दिशा निर्देश निम्नांकित द्वारा जारी किया है (क) बचत वाहनों का प्रावधान और (ii) लघु व्यवसाय इकाई को ऋण की आपूर्ति; छोटे और सीमांत किसानों; सूक्ष्म और लघु उद्योगों और अन्य असंगठित क्षेत्र की संस्थाओं, उच्च प्रौद्योगिकी कम लागत के संचालन के माध्यम से छोटे से वित्त बैंकों के संचालन के क्षेत्र में कोई भी प्रतिबंध नहीं होगा।

वर्ष 2015-16 के लिए संभावना

वित्तीय वर्ष 2015-16 में वैश्विक वित्तीय स्थिति आसान दिख रहा है और यह वित्तीय परिसंपत्ति की कीमतों में परिलक्षित है । तथापि, कमजोर मांग के चलते वैश्विक विकास के लिए संभावना अभी भी सामान्य है। अभी संभावनाओं में धीरेधीरे सुधार हो रहा है, अग्रिम अर्थव्यवस्थाओं (एईएस) पूरी तरह से वैश्विक वित्तीय संकट के दुष्प्रभाव से अभी पूरी तरह से नहीं उबर पाया है। उभरते बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमईएस) में लगातार नकारात्मक उत्पादन अंतराल और संवृद्धि संभावना में कमी का सामना कर रहा है जो निकट भविष्य में प्रतिफल में कमी को दर्शाता है । वास्तव में, पूर्वानुमान के अनुसार अब तक 2014 और 2015 के दौरान अधिक सुस्त वैश्विक वसूलों के चलते दीर्घकालिक गतिहीनता से चिंता बढ़ी है।

वैश्विक आर्थिक संभावना पर आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक विकास 2014 में 3.4% की तुलना में वर्ष 2015 में 3.5% बढ़ने की संभावना है और वर्ष 2016 में यह और बढ़कर 3.8% तक बढ़ सकती है। वर्ष 2016 में उभरते बाजारों में वृद्धि दर बढ़कर 4.7% होने की अनुमान है, जो वर्ष 2014 में 4.6% था और वर्ष 2015 में यह घटकर 4.3% होने का अनुमान है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं की संवृद्धि वर्ष 2014 के 1.8% की तुलना में वर्ष 2015 और वर्ष 2016 में बढ़कर 2.4% होने का अनुमान है। यूरो क्षेत्र में संवृद्धि वर्ष 2014 के 2.4% की तुलना में यह वर्ष 2015 में 1.5% और वर्ष 2016 में 1.6% तक बढ़ने का अनुमान है। अमेरिका में वृद्धि, वर्ष 2014 के 2.4% की तुलना में वर्ष 2015 और वर्ष 2016 में 3.1% की रहने की आशा है।

एशिया के बाहर प्रमुख उभरते बाजारों में कम वृद्धि और कठिन अंतरराष्ट्रीय वित्तीय स्थितियों के चलते एशिया के विकास की संभावनाओं को प्रभावित किया है। वर्ष 2015 और वर्ष 2016 के दौरान चीन में क्रमश: 6.8 % और 6.3 % की धीमी वृद्धि के कारण यह विकास को प्रभावित करेगा। तदनुसार, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा प्रकाशित एक पूर्वानुमान के अनुसार एशिया में 2015 और 2016 में क्रमश : 5.6 % और 5.5 % रहने की उम्मीद है।

भारत में, चुनाव के बाद विश्वास में सुधार और तेल की कम कीमतों के कारण ढांचागत सुधारों को आगे बढ़ाने में सरकार को अवसर प्रदान किया है। आईएमएफ के अनुसार, भारत की जीडीपी विकास दर वर्ष 2014 की 7.2% की तुलना में वर्ष 2015 और 2016 में 7.5% होने की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था में हाल के नीतिगत सुधारों के फलस्वरूप निवेश में वृद्धि और तेल की कम कीमतों से लाभ होगा । तेल की कम कीमतों के कारण असली प्रयोज्य आय बढ़ेगा , विशेष रूप से गरीब परिवारों के बीच और मुद्रास्फीति को कम करने में भी मदद मिलेगी।

मुद्रास्फीति की दर वर्ष 2015 में लक्ष्य के करीब रहने की उम्मीद है। पिछले वर्ष के 6% की तुलना में वर्ष 2015 में थोड़ा बढ़कर 6.1% होगा और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार फिर वर्ष 2016 में यह घटकर 5.7% होने की उम्मीद है।

एक वर्ष पूर्व 1.4 % की तुलना में भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) वर्ष 2015 में घटकर 1.3 % रहने की उम्मीद है।

वित्तीय निष्पादन

वर्ष के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन के अंतर्गत गुणवत्ता आस्ति और हानि आस्तियों की वसूली के क्षेत्र में वांछित परिणाम को पाने के लिए प्राथमिकता दी गई । विकास, लाभप्रदता, दक्षता, उत्पादकता और शोधन क्षमता के मुख्य कार्यनिष्पादन संकेतक निम्नप्रकार है:

वित्तीय वर्ष 2013-14 में बैंक के परिचालन लाभ 2061.74 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान 2,427.94 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ दर्ज करते हुए, 366.20 करोड़ रुपये (17.76) की वृद्धि दर्ज की गई । । बैंक ने अपने आस्ति संविभाग का अच्छी तरह से प्रबंधन किया और वित्तीय वर्ष 2013-14 में शुद्ध हानि 1213.45 (-) करोड़ रुपये की तुलना में 2014-15 में 256 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया । प्रति कर्मचारी सकल लाभ मार्च, 2014 को रु12.50 लाख से बढ़कर मार्च, 2015 को यह रु15.98 लाख हो गया ।



प्रमुख वित्तीय अनुपात (%)	मार्च 2014	मार्च 2015
निधियों की लागत	7.23	6.38
निधियों पर प्रतिफल	9.44	8.44
जमा की लागत	7.14	6.88
अग्रिम पर प्रतिफल	10.83	10.80
निवेश पर प्रतिफल	8.00	8.04
एडब्ल्यूएफ का % के विस्तार रूप में	2.10	2.07
शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम)	2.28	2.21
एडब्ल्यूएफ के परिचालन व्यय	1.40	1.50
औसत आस्तियों पर लाभ	-0.99	0.21
इक्विटी पर लाभ	-35.56	5.16
प्रति कर्मचारी व्यापार (रुपए करोड़ में)	10.67	11.51
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ (रुपए लाख में)	-7.35	1.69
बही मूल्य	84.88	59.20

एडब्ल्यूएफ औसत कार्य निधि

आय और व्यय विश्लेषण



वर्ष 2013-14 के दौरान बैंक की ब्याज आय रु10599.29 करोड़ की तुलना में 2014-15 में रु10180.48 करोड़ अर्जित हुई । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लागू की गई त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के तहत नई स्वीकृति और संवितरण पर लगाए गए रोक के कारण ब्याज आय, जो विकास का मुख्य कार्य है, उसमें ह्रास हुआ । गैर-ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2013-14 में रुपये 1206.87 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2014-15 में रु1746.91 करोड़ रुपये होकर रु540.04 करोड़ (44.75) तक वृद्धि हुई । अग्रिमों पर प्रतिलाभ मार्च 2014 में 10.83% की तुलना में मार्च 2015 में 10.80% तक की मामूली गिरावट आई।



ब्याज व्यय में 2013-14 में रु8036.47 करोड़ की तुलना में 2014-15 में रु7689.82 करोड़ रुपये तक होकर, रु346.65 करोड़ की गिरावट आई । उच्च लागत जमा के क्रमशः विस्तार द्वारा कम ब्याज का सुनिश्चित किया गया जोकि रु7975 करोड़ रुपये से 81.4% तक ह्रास होकर रु1483 करोड़ रुपये हुआ । जमा की लागत 2013-14 में 7.14% से कम होकर 2014-15 में 6.88% हो गया । बैंक ने अपने परिचालन व्यय में 5.95% तक रु1809.63 करोड़ राशि की वृद्धि जारी रखा ।

व्यापार वृद्धि

जमाराशि

बैंक की जमाराशि 31 मार्च, 2015 तक 108,818 करोड़ रुपये तक पहुंच गई । पिछले वर्ष की तुलना में, 2014-15 में बैंक की बचत जमा राशि में 11.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मांग जमाराशि में 10.74% की वृद्धि हुई । कुल जमा राशि में कासा जमा का अंश 31 मार्च, 2014 को 36.98% से बढ़कर 31 मार्च, 2015 को 42.05% हो गया । जमा की लागत को कम करने की दृष्टि से बैंक ने जमा प्रमाण पत्र समेत थोक जमा की एक पर्याप्त राशि का विस्तार कर दिया है । थोक जमा (रू 1 करोड़ और अधिक) रु15602 करोड़ से कम हो कर रु5970 करोड़ तक नीचे आ गया ।

बैंक के ग्राहक अधिग्रहण अभियान के परिणाम स्वरूप बैंक के ग्राहक आधार में मार्च 2014 में 3.05 करोड़ से बढ़कर मार्च 2015 में 3.60 करोड़ हो गई।

अग्रिम



निरंतर तीन तिमाहियों के गिरावट दर्ज करने के बाद, अग्रिमों पर प्रतिबंध में ढील देने के बाद बैंक के कुल ऋण पोर्टफोलियो में चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में वृद्धि हुई । 31 मार्च, 2015 तक बैंक के सकल अग्रिम में रु1088 करोड़ (1.60%) वृद्धि होकर रु69070 करोड़ तक पहुंच गया । ऋणजमा अनुपात में 31 मार्च, 2014 को 60.96% से सुधार होकर 31मार्च, 2015 को 63.47% हो गया । बैंक ने एएनबीसी का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम के लिए निर्धारित लक्ष्य 40 प्राप्त कर लिया । खुदरा ऋण उत्पादों के गहन विपणन के परिणाम स्वरूप खुदरा अग्रिम में काफी वृद्धि हुई ।

बैंक का गैर खाद्य ऋण रु66480 करोड़ से बढ़कर रु67667 करोड़ हो गया, जबकि खाद्य ऋण 31मार्च, 2014 के रु1502 करोड़ से कम होकर 31 मार्च, 2015 के अंत तक रु1403 करोड़ हो गया ।

कुल व्यापार



चालू वित्त वर्ष 2014-15 के अंत तक बैंक का कुल कारोबार रु177887 करोड़ तक पहुंच गया। प्रति कर्मचारी करोबार के आधार पर तैयार उत्पादकता, 31 मार्च, 2014 को रु10.67 करोड़ से वृद्धि होकर 31 मार्च, 2015 तक रु11.51 करोड़ हो गई है ।

खुदरा ऋण परिचालन (वित्तीय वर्ष 2014-15)

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान, खुदरा ऋण बैंक का एक मुख्य क्षेत्र रहा है । बैंक ने खुदरा ऋण यथा; आवास ऋण, ऑटो ऋण और बंधक ऋण देने के लिए विशेष ध्यान केंद्रित किया है, खुदरा ऋण के तहत वृद्धि हेतु इन्हें प्रमुख तंत्र माने जाते हैं, जिसमें कुल ऋण पोर्टफोलियो रु12050.95 करोड़ का 63.27% शामिल है ।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान प्रदर्शन:

- खुदरा ऋण में 31 मार्च, 2014 को रू10356.82 करोड़ से बढ़कर रु1,694.13 करोड़ की सकारात्मक वृद्धि करते हुए 31 मार्च, 2015 को रु12,050.95 करोड़ (16.36% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि) हो गया । उक्त अवधि के दौरान प्रमुख रूप से निम्नलिखित खुदरा ऋण में वृद्धि हुई जैसे; आवास ऋण16.15%, बंधक 48.21%
- वित्तीय वर्ष के दौरान आवास ऋण में एक सकारात्मक वृद्धि हुई । इसमें 31.03.2014 को 4384.68 करोड़ रुपए से बढ़कर रु708.06 करोड़ (16.15%) की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.03.2015 को यह रु5092.74 करोड़ हो गया ।

उक्त अवधि के दौरान बंधक ऋण में प्रर्याप्त वृद्धि हुई, यह 31.03.2014 को रु1708.16 करोड़ से बढ़कर, 48.21% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.03.2015 को रु2531.70 करोड़ हो गया ।

भारत सरकार के उद्देश्यों की श्रृंखला में विभिन्न ग्राहक अनुकूल सुविधाओं के साथ अत्यंत प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर आवास, बंधक और शिक्षा जैसे खुदरा ऋण की पेशकश की गई । प्रमुख संस्थानों के लिए आधार दर पर आवास ऋण और विशेष शिक्षा ऋण का प्रस्ताव दिया गया ।

वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार योग्य शिक्षा ऋण उधारकर्ताओं को ब्याज सब्सिडी योजना उपलब्ध करायी गयी ।

छात्र उधारकर्ताओं द्वारा किए गए दावे समय पर दर्ज किए गए और प्राप्त की गई राशि उनके संबंधित खाते में जमा की गई । आज की तारीख में कोई भी दावा बैंक के पास लंबित नहीं है।

खुदरा ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा अर्थात आवास और शिक्षा ऋण की सुविधा संभावित आवेदकों को दी गई है ।

बैंक के खुदरा ऋण की स्थिति निम्न प्रकार है :

रुपए करोड़ में

ऋण के प्रकार	वित्तीय वर्ष 13-14	वित्तीय वर्ष 14-15	विकास	% वृद्धि
आवासीय ऋण	4384.68	5092.74	708.06	16.15
बंधक ऋण	1708.16	2531.70	823.54	48.21
कार ऋण	649.27	513.03	(136.24)	(20.98)
शिक्षा ऋण	530.78	488.72	(42.06)	(7.92)
अन्य खुदरा ऋण	3083.93	3424.76	340.83	11.05
कुल खुदरा ऋण	**10356.82**	**120 50.95**	**1694.13**	**16.36**

खुदरा ऋण केन्द्र

कम समय में (अधिकतम 06 दिन) झंझट मुक्त ऋण देने के उद्देश्य से बैंक ने देश भर में 24 खुदरा ऋण केन्द्रों की स्थापना की है । उक्त ऋण केंद्रों में खुदरा ऋण प्रस्तावों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रोसेसिंग किया जाता है । वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक की 21 क्षेत्रों में कार्यरत 24 खुदरा ऋण केन्द्रों ने रू 756.93 करोड़ राशि के 5373 खुदरा ऋण प्रस्तावों को मंजूरी दी है ।

(रुपए करोड़ में)

खुदरा ऋण केन्द्रों की संख्या	स्वीकृत ऋण का प्रकार	वित्तीय वर्ष 2014-15	
		संख्या	राशि
24	सभी खुदरा ऋण	5373	756.93

(रुपए करोड़ में)

खुदरा ऋण केन्द्रों की संख्या	स्वीकृत ऋण का प्रकार	वित्तीय वर्ष 2014-15	
		संख्या	राशि
24 (केन्द्रीकृत खुदरा ऋण केंद्र समेत)	बंधक आधारित खुदरा ऋण	**4637**	**678.82**

ट्रेजरी और अंतरराष्ट्रीय परिचालन

31.03.2014 को बैंक के निवेश पोर्टफोलियो में 45127 करोड़ रुपये से बढ़कर, 3.70% की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.03.2015 को 46798 करोड़ रुपये हो गया है । 31.03.2014 को बैंक के एसएलआर निवेश पोर्टफोलियो 35100 करोड़ रुपए से घटकर दिनांक 31.03.2015 को 35020 करोड़ रुपए हो गया है । पोर्टफोलियो संशोधित अवधि एक वर्ष के पहले 4.11% की तुलना में बढ़कर मार्च 2015 में 4.62% हो गया है । बिक्री हेतु उपलब्ध (ए एफ एस) संशोधित अवधि पोर्टफोलियो मार्च 2014 को 1.96 से बढ़कर मार्च, 2015 को 3.59% हो गया है ।

पिछले वर्ष के दौरान रू526 करोड़ के व्यापार लाभ की तुलना में इस वर्ष के दौरान बैंक ने कुल रू1168 करोड़ का लाभ कमाया

विगत वर्ष की 8.05% की तुलना में वर्ष 2014-15 के दौरान निवेश पर औसतन प्रतिफल 8.94% हुआ और निवेश पर प्रतिलाभ 31.03.2014 में 8.00% से बढ़कर 31.03.2015 को 8.04% हो गया ।

बैंक का विदेशी मुद्रा कारोबार कुल रू 10111 करोड़ का हुआ, जिसमें निर्यात के तहत रू3057 करोड़, आयात के तहत रू 2044 करोड़ और धनप्रेषण के तहत रू4614 करोड़ शामिल है ।

31 मार्च 2015 तक बैंक का बकाया निर्यात ऋण रू 1096 करोड़ हुआ । वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ने रू97 करोड़ का विनिमय आय प्राप्त किया ।

बैंक की विदेश में दो देशों में कार्यालय है जैसे- म्यांमार और बांगलादेश में है साथ ही ढाका, बांगलादेश और यांगून, म्यांमार प्रत्येक में एक प्रतिनिधि कार्यालय है । इंडो म्यांमार का व्यापार हमारे बैंक के जरिए किया जाता है । बांगलादेश के 20 बैंकों द्वारा यूएसडी और यूरो मुद्रा में (35) वोस्ट्रो खाते और म्यांमार के (14) बैंकों द्वारा यूरो, यूएसडी, एसजीडी मुद्राओं में (21)वोस्ट्रो खातों का हमारे बैंक में परिचालित किया जाता है । ग्लोबल आईएमई बैंक लि. नेपाल और म्यांमार इकोनोमिक बैंक लि., म्यांमार द्वारा हमारे बैंक में आईएनआर में वोस्ट्रो खाता परिचालित करते हैं ।

विदेश में (10) मुद्राओं में परिचालित 24 नोस्ट्रो खाते में वैदेशिक बैंकों में खोले गए 616 संवाददाता रिश्तों के माध्यम से, व्यापक नेटवर्क के जरिए बैंक का अंतरराष्ट्रीय परिचालन समर्थित है ।

अन्य सेवाएं

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच में 25.06.2013 को मर्चेंट बैंकिंग प्रभाग ने बैंक का पहला निर्गम बेसल3 अनुपालित रुपये 500 करोड़ का टियर2 बांड जारी किया । एक निर्गम के लिए बैंकर, डिबेंचर ट्रस्टी और मर्चेंट बैंकर के रुप में सेबी द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र बैंक धारण करता है जिसके तहत नियामक शर्तों के अनुसरण में बैंक द्वारा परिभाषित कार्य और उत्तरदायित्वों का निर्वाह किया जाता है ।

बैंक के अपने बैंक एश्योरेंश व्यवस्था के तहत जीवन और गैरजीवन कंपनियों, दोनों के साथ, कंपनी करार व्यवस्था है । बैंक ने जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री के लिए, जो 01 दिसंबर, 2014 को आधिकारिक तौर पर प्रारंभ किया गया, भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ एक टाई-अप व्यवस्था की है । दिसंबर, 2014 से मार्च, 2015 तक की अवधि के दौरान, बैंक ने 24.09 करोड़ रुपये की कुल राशि के प्रीमियम समेत 3158 पॉलिसियों की बिक्री की है ।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान लाइफ इंश्योरेंस सेगमेंट से 2.62 करोड़ रुपये और गैर जीवन बीमा सेगमेंट से 3.25 करोड़ रुपए का कमीशन अर्जित किया है ।

बैंक द्वारा विदेश के विभिन्न जगहों से विदेशी आवक धन अंतरण की सेवा प्रदान की जा रही है, जोकि वेस्टर्न यूनियन, मनीग्राम और एक्सप्रेस मनी के लिए उपएजेंट का काम करता है । वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ने इस क्षेत्र में 10.55 लाख रुपए का कमीशन अर्जित किया है ।

सरकारी लेनदेन विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की निम्नानुसार सरकारी व्यावसायिक गतिविधियों का परिचालन किया जाता है :

- प्राधिकृत शाखाओं द्वारा प्रत्यक्ष रुप से और सभी शाखाओं द्वारा ईमोड (इंटरनेट बैंकिंग) द्वारा केंद्र सरकार के राजस्व अर्थात: प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर (सीबीडीटी, सीबीईसी एवं कस्टम) की वसूली की जाती है ।
- ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रुप से राज्य के राजस्व और करों (बिक्री कर, वैट, प्रोफेशनल टैक्स आदि) का वसूल करना ।
- सरकारी जमा (पीपीएफ, एससीएसएस, बचत बॉण्ड, इंफ्लेशन लिंक्ड इंडेक्स बॉड आदि) का संग्रहण ।
- सुकन्या समृद्धि खाते और केवीपी (कार्यान्वयन) के तहत
- सरकारी निधि का रखरखाव (विभागीय मंत्रालयों के खाते, राज्य सरकार के ट्रेजरी परिचालन)
- स्कूल शिक्षकों के वेतन और विभिन्न प्रकार के पेंशन का भुगतान (केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और विभिन्न स्वायत्त संगठनों) ।

वृद्धावस्था वार्षिकी / पेंशन प्राप्त करने के लिए उक्त योजना में असंगठित क्षेत्र के लोगों के नामांकन के लिए नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) और स्वावलंबन (एनपीएसलाइट) ।

पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा बैंक प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपी) के रूप में प्राधिकृत किया गया है और 1093 शाखाओं को सेंट्रल रेकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (सीआरए) सिस्टम में प्वाइंट ऑफ प्रेजेंससर्विस प्रोवाइडर (पीओपीएसपी) के रूप में सभी नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन पी एस) में ग्राहकों के पंजीयन प्रक्रिया के कार्यान्वयन हेतु पंजीकृत किया गया है ।

बैंक को जनवरी, 2013 में पीएफआरडीए द्वारा संग्राहक के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है और 1473 शाखाएं एनपीएस लाइट संग्रह केन्द्रों (एनएलसीसीएस) के रूप में असंगठित क्षेत्र और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए एनपीएस लाइट / स्वावलंबन योजना में ग्राहकों के लिए पंजीयन प्रक्रिया के कार्यान्वयन हेतु केंद्रीय अभिलेख अभिरक्षण एजेंसी (सीआरए) प्रणाली में पंजीकृत किया गया है । एनपीएस/एनपीएस लाइट/स्वावलम्बन योजना के तहत समाज के असंगठित वर्ग से 11616 ग्राहकों को पंजीकृत किया गया है ।

प्रधान कार्यालय के केन्द्रीय पेंशन प्रसंस्करण केन्द्र (सीपीपीसी) द्वारा लगभग 1.00 लाख केन्द्रीय सिविल, टेलीकॉम, राजनीतिक, रेलवे और रक्षा पेंशनरों के रु. 115 करोड़ (लगभग) राशि का मासिक पेंशन संवितरण किया जा रहा है, जिसकी प्रतिपूर्ति अगले कार्य दिवस के भीतर हो जा रही है । सीपीपीसी द्वारा रेलवे पेंशन की प्रतिपूर्ति का दावा नोडल शाखाओं द्वारा 25 जून, 2014 से किया जा रहा है ।

पेंशनरों को प्रासंगिक जानकारी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, सभी पेंशन संवितरण शाखाओं एवं बैंक की वेबसाइट पर "पेंशनर्स चार्टर" भी प्रदर्शित किया गया है । ऑनलाइन पेंशन शिकायत निवारण व्यवस्था बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है । केन्द्र सरकार के सभी पेंशनरों के लिए पेंशनर भुगतान पर्ची आवश्यकतानुरूप बैंक के पोर्टल पर उपलब्ध है ।

सीपीपीसी अब हार्ड कॉपी भेजने की बजाय दैनिक आधार पर सीपीएओ वेबसाइट में ई-स्क्रोल अपलोड कर रहा है । रक्षा ई-स्क्रोल और एकमुश्त वसूली स्क्रोल भी अंतिम स्थिति में है । सरकार के जीवन प्रमाणन पोर्टल के माध्यम से, आधार कार्ड पंजीकरण **संख्या** प्राप्त पेंशनरों के द्वारा डिजीटल रुप में प्रस्तुत किया जानेवाला जीवन प्रमाणपत्र, अब बैंक द्वारा मैन्युअल रूप से डाउनलोड किया जा रहा है और एनआईसी पोर्टल के साथ आवश्यक समेकन के लिए आवश्यकतानुरूप पुन: परीक्षित किया गया है तथा उत्पादन सर्वर में परिनियोजन के अन्तर्गत है । दिसम्बर, 2014 से विभिन्न राजकोषों यथा, सीपीएओ, रक्षा, डाक एवं टेलिकॉम से प्राप्त सभी नए पीपीओएस को, सीपीएओ के दिशानिर्देशानुसार शाखाओं को भेजने के बजाय, प्रणाली में सभी आवश्यक डाटा प्रविष्टि करने के बाद सीपीपीसी के पास रखा जा रहा है ।

बैंक और एजेंसी कमीशन द्वारा नियंत्रित सरकारी व्यवसाय के कुल कारोबार के संबंध में वित्तीय वर्ष के दौरान इस तरह के कारोबार पर क्रमश: रु 43,030.22 करोड़ और रु 81.31 करोड़ की राशि अर्जित की गई है । वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान सरकारी व्यवसाय से एजेंसी कमीशन द्वारा किया गया अर्जन इस प्रकार है:

व्यापार के प्रकार	टर्न ओवर कमीशन (टीओसी) द्वारा अर्जित (करोड़ रुपए में)	
	2013 -14	2014 -15
कर	2.27	2.42
पेंशन	15.90	18.60
स्कूल वेतन	40.67	52.29
खजाना	6.21	6.67
पीपीएफ, एससीएसएस, बांड और एसडीएस	0.41	0.48
डीएमए	0.76	0.85
कुल	**66.22**	**81.31**

परिसंपत्ति गुणवत्ता और जोखिम प्रबंधन

वित्तीय वर्ष 2014-15 परिसंपत्ति गुणवत्ता पर गंभीर दबाव के साथ शुरू हुआ । वित्तीय वर्ष की शुरुआत में बैंक का एनपीए सकल अग्रिम के 10.47% पर रु 7118 करोड़ था । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मासिक पीसीए के माध्यम से बैंक पर गंभीर निगरानी रखी गई थी तथा उधार पर कुछ प्रतिबंध लगाए गए थे।

बैंक ने चुनौती स्वीकार की और अनुशासनहीन उधारकर्ताओं पर लगातार अनुवर्तन, दबावग्रस्त आस्तियों की निगरानी तथा कठिन खातों में कड़े उपाय करने के साथ, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में मंद वृद्धि होने के बावजूद भी रु 6553 करोड़ के एनपीए स्तर अर्थात् सकल अग्रिम के 9.49% को कम करने में सक्षम हुआ। वर्ष के दौरान परिसंपत्तियों की वसूली के लिए बैंक द्वारा उठाया गया प्रमुख कदम रु 5 लाख से नीचे बकाया राशि के साथ एनपीए के लिए एकबारगी निपटान (ओटीएस) का उदारीकृत सीमित अवधि प्रस्ताव, कुछ बड़े एनपीए उधारकर्ताओं को चूककर्ता के रुप में घोषणा, स्थानीय समाचार पत्रों में प्रमोटरों की तस्वीरों के साथ सामान्य जन सूचना का प्रकाशन था । जनता के बीच सामान्य जागरुकता पैदा करने के लिए बैंक ने चूककर्ता उधारकर्ताओं के प्रतिष्ठानों के आगे मौन संड शो तथा शान्तिपूर्ण प्रदर्शन किया ।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 की पिछली तिमाही के दौरान पीसीए और उधार देने के अवरोध को हटा दिया गया है । बैंक फिर से खोई हुई गरिमा को वापस प्राप्त करने के विकास मार्ग पर आ गया है।

आस्ति गुणवत्ता

बैंक आयनिर्धारण, आस्तियों के वर्गीकरण और प्रावधानीकरण के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का अनुपालन करता रहा है । प्रतिशत आधार पर देखें तो बैंक की सकल अनर्जक आस्ति 31.03.2015 को 9.49% रही जबकि पिछले वर्ष यह 10.47% थी । पूर्ण रूप में देखें तो सकल अनर्जक आस्ति 31.03.2015 को रु6553 रही । बैंक का शुद्ध अनार्जक आस्ति अनुपात 31.03.2014 को 7.18% के एवज में 31.03.2015 को 6.22% रहा । समग्रत: 31.03.2015 को शुद्ध अनर्जक आस्ति रु4081 करोड़ रही । बैंक में वित्त वर्ष 2013-14 के रु 8007 करोड़ की एवज में वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान रु 4087 करोड़ का नया स्लीपेज हो सकता है । वर्ष के दौरान नकद वसूली रु 1237 करोड़ तथा कॉन्टिन्ग्यन रु 2655 करोड़ था । बैंक के प्रावधान कवरेज अनुपात में 31.03.2014 के 52.25% की एवज में 31.03.2015 में 58.50% की प्रगति हुई है। 2014-15 वर्ष के दौरान तकनीकि रुप से बट्टे खातों से की गई नकद वसूली रु 61 करोड़ थी ।

बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक वसूली नीति है, जिसमें एनपीए की वसूली एवं कटौती करने के सभी उपायों जैसे एकबारी निपटान (ओटीएस), प्रभारित आस्तियों की बिक्री, आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी (एआरसी) को बिक्री आदि को शामिल किया गया है। रु 5 लाख से कम की बकाया राशि वाले कम मूल्य के एनपीए खातों की वसूली के लिए बैंक ने वर्ष के दौरान उदारीकृत दिशानिर्देशों को लागू किया है। वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ने एनपीए से एआरसी को बिक्री को प्रधानता नहीं दी ।

पूंजी एवं आरक्षित निधियां

31 मार्च, 2015 तक बैंक का निवल मालियत रु 5029.58 करोड़ निर्धारित किया गया था । बैंक की कुल चुकता पूंजी रु 839.52 करोड़ और आरक्षित निधियां और अधिशेष रु 4988.48 करोड़ था । मार्च, 2015 तक बैंक में सरकार की शेयरधारिता 82% रही ।

(रुपए करोड़ में)

पूंजी की संरचना	मार्च 2014		मार्च 2015	
	बासेल -II मानदण्ड	बासेल -III मानदण्ड	बासेल -II मानदण्ड	बासेल -III मानदण्ड
जोखिम धारित परिसंपत्तियाँ	60060	61007	65882	66798
टीयर 1 पूंजी	4359	3987	5117	5021
जिसमें से सीईटी 1 पूंजी	लागू नहीं	3987	लागू नहीं	5021
टीयर 1 अनुपात (%)	7.26	6.54	7.77	7.52
जिसमें से सीईटी 1 अनुपात (%)	लागू नहीं	6.54	लागू नहीं	7.52
टियर 2 पूंजी	2523	1994	2404	2034
टियर 2 अनुपात (%)	4.20	3.27	3.65	3.05
कुल पूंजी	6882	5981	7521	7055
सीआरएआर (%)	11.46	9.81	11.42	10.57

पूंजी पर्याप्तता अनुपात टीयर 1 के 7.52% के अनुपात के साथ बासेल के मानदण्डों के तहत मार्च, 2015 में 10.57% निर्धारित किया गया । पूंजी पर्याप्तता अनुपात टीयर 1 के 7.77% के अनुपात के साथ बासेल के मानदण्डों के तहत मार्च, 2015 में 11.42% निर्धारित किया गया । बैंक के पास व्यवसाय वृद्धि की गति को समर्थन करने हेतु पूंजी बढ़ाने के लिए टीयर 1 और टीयर 2 विकल्पों के तहत पर्याप्त हेडरुम उपलब्ध हैं ।

जोखिम प्रबंधन

पूंजीगत पर्याप्तता ढांचा एवं आगामी रणनीति

इस बैंक की अपनी एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली है जो यह सुनिश्चित करती है कि जिस जोखिम की आशंका है वह परिभाषित जोखिम सीमा के भीतर है और उसका पर्याप्त रुप से निराकरण किया गया है । विभिन्न जोखिमों, जिसमें बैंक की संभावनाएं हैं, को क्रियान्वित करने के लिए, बैंक के पास पुख्ता जोखिम प्रबंधन आर्किटेक्चर है, जिसमें जोखिम प्रबंधन संरचना, जोखिम प्रबंधन नीतियां और जोखिम प्रबंधन कार्यान्वयन और निगरानी प्रणाली शामिल है ।

जोखिम प्रबंधन ढांचा:

बैंक के जोखिम सीमा के निर्धारण की समग्रतः जिम्मेदारी और प्रभावी जोखिम प्रबंधन का दायित्व बैंक के निदेशक मंडल और शीर्षस्थ प्रबंधन पर है । बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए बैंक ने एक बोर्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसका नाम निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबीओडी) है । यहां बैंक के विभिन्न जोखिम प्रबंधन कार्यों एवं गतिविधियों का पर्यवेक्षण करने के लिए शीर्ष कार्यपालकों की कुछ अन्य आंतरिक समितियां भी हैं, जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) और आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) ।

बैंक की आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) ब्याज दर और चलनिधि जोखिमों की रणनीतिक प्रबंधन के लिए एक निर्णय लेने योग्य समिति है । एल्को की वर्ष में 15 बार बैठकें हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई जैसे, ब्याज दरों के परिदृश्य, जमा और अग्रिम दोनों के लिए उत्पाद मूल्य, वृद्धिशील आस्तियों एवं देयताओं के अपेक्षित परिपक्वता रुप रेखा, बैंक नीधियों की मांग, बैंक के आधार दर का पुनर्निर्धारण, बैंक के नकद प्रवाह, लाभ योजना और समग्र तुलनपत्र प्रबंधन ।

परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) पर बैंक की परिचालन जोखिम की निगरानी करने और एक स्पष्ट परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली के अभिकल्पन एवं निर्वाह द्वारा परिचालन जोखिम के निवारण हेतु मूल्यांकन एवं आवश्यक कदम उठाने का दायित्व है । यह सुनिश्चित करती है कि परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति के मानदंडो, नीतियों एवं दिशानिर्देशों का दृढ़ता पूर्वक पालन किया जा रहा है । परिचालन जोखिम दृष्टिकोण से विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए ओआरएमसी की 11 बार बैठकें हुई ।

ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) बैंक के व्यापक आधार पर ऋण नीति, प्रक्रिया और विश्लेषण, प्रबंध और नियंत्रण ऋण जोखिम से संबंधित विभिन्न ऋण जोखिम के पहलुओं की निगरानी करता है । परिचालन जोखिम के दृष्टिकोण से विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए वर्ष के दौरान समिति की 8 बार बैठकें हुई ।

जोखिम प्रबंधन की नीतियां:

विभिन्न जोखिमों जैसे ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, चलनिधि जोखिम, विदेशी मुद्रा जोखिम और स्तंभ-II जोखिमों, पर चर्चा करने और ऐसे जोखिमों, जिसमें बैंक की संभावनाएं हैं, को पहचानने, प्रबंधित करने एवं उसके निवारण हेतु, बैंक ने विभिन्न जोखिम प्रबंधन नीतियां तैयार की हैं । इस प्रकार के जोखिमों से निपटने के लिए बैंक के निदेशक मंडल द्वारा ऋण नीति, आईसीएएपी पर नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, व्यवसाय लाइन मैपिंग नीति, आस्ति देयता प्रबंधन नीति, निवेश नीति, प्रकटीकरण नीति, ऋण लेखा नीति, तनाव परीक्षण नीति, और ऋण जोखिम निवारण तकनीक और संपार्श्विक प्रबंधन पर नीति आदि प्रमुख नीतियां विकसीत एवं अनुमोदित की गई हैं ।

ऋण जोखिम:

ऋण जोखिम से निपटने के लिए, बैंक ने एक ऋण नीति तैयार की है जिसमें ऋण जोखिम संबंद्ध समस्त परिचालन क्षेत्रों को शामिल करते हुए ऋण प्रबंधन के नीतिगत दिशानिर्देश निर्धारित हैं । यह नीति बैंक को अपने ऋण संविभाग में एक नियमित और स्वस्थ विकास के लिए नीतिगत ढांचे द्वारा निर्देशित ऋणगत निर्णयों के द्वारा जोखिम प्रबंधन क्षमताओं की वृद्धि करने के लिए सक्षम बनाती है ।

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार में व्यक्तिगत उधारकर्ताओं, समूह उधारकर्ताओं, प्रवेश स्तरीय निवेश मानदंड, पर्याप्त निवेश सीमा, बेंचमार्क वित्तीय अनुपात, उधारकर्ता मानकों, उद्योगों के लिए निवेश सीमा/अधिकतम सीमा, संवेदनशील क्षेत्रों, मूल्यांकन वर्ग आदि विभिन्न प्रकार की विवेकाधिकार सीमा का निर्धारण किया है । वर्ष के दौरान इस प्रकार के सीमाओं को बोर्ड द्वारा समीक्षित किया गया है ।

वर्ष के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक/बैंक के बोर्ड द्वारा तय की गई निवेश सीमा/अधिकतम सीमा के भीतर बैंक के विभिन्न निवेशों को सुनिश्चित करने के लिए छमाही आधार पर विभिन्न निवेश मानदंडों का विश्लेषण किया है ।

बैंक ने जोखिम मूल्यांकन कार्य से स्वतंत्र अपने ऋण मूल्यांकन कार्य का निर्धारण किया है । ऋण खातों का आंतरिक जोखिम मूल्यांकन, ऋण प्रस्तावों का आंकलन एवं उधारकर्ता के मूल्यांकन करने वाले एक सॉफ्टवेयर आधारित मूल्यांकन मॉडल के माध्यम से किया जाता है ।

बैंक ने वर्ष के दौरान, बैंक के ऋण संविभाग पर विशेष उद्योग/क्षेत्र के प्रभाव का अध्ययन करने और ऋण संविभाग की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए रणनीतियों को अपनाने और संकेन्द्रण जोखिम के संभावित प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए, त्रैमासिक अंतराल पर ऋण संविभाग विश्लेषण का आयोजन किया ।

वर्ष के दौरान, बैंक ने भी एक वर्ष, दो वर्ष, तीन वर्ष और चार वर्षों की समय सीमा के लिए स्थिरता दर, उन्नयन दर, निम्न कोटि निर्धारण दर एवं चूक दर का विश्लेषण करने के लिए छमाही अंतराल पर अपने उधारकर्ताओं का मूल्यांकन स्थानानंतरण विश्लेषण करने का कार्य शुरू किया है एवं संविभाग की गुणवत्ता को सुरक्षित रखने के लिए उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई की गई है ।

बैंक ने नीतियों का पालन, प्रक्रियाओं और अन्य वैधानिक आवश्यकताओं का पालन सुनिश्चित करने के लिए एवं ऋण आस्तियों की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक ऋण समीक्षा प्रणाली को व्यवस्थित किया है । बैंक ने ऋण संविभाग की गुणवत्ता में सुधार के लिए रुपये 40.00 लाख से अधिक की ऋण सीमा वाले खातों में ऑनसाइट ऋण लेखा का कार्य भी किया है ।

बाजार जोखिम :

बाजार जोखिम के प्रबंधन के लिए, बैंक ने नकदी, ब्याज दर, विदेशी मुद्रा और बैंक की इक्विटी जोखिम को मापने, निगरानी एवं प्रबंध करने पर जोर दिया है । व्यापार बही में बाजार जोखिम की निगरनी एवं प्रबंधन उसके उपयुक्त नियत्रंण प्रणाली द्वारा की जाती है । बाजार की स्थिति, वित्त पोषण पैटर्न, अवधि, प्रतिपक्ष सीमा और विभिन्न संवेदनशील मानकों को भी नियमित आधार पर बैंक द्वारा निगरानी किया जाता है । उन्नत जोखिम प्रबंधन उपकरण जैसे जोखिम पर मूल्य (वीएआर), उपार्जन पर जोखिम (आएआर), निवल एक दिवसीय खुली स्थिति सीमा (एलओओपीएल) और संशोधित अवधि सीमा का भी बाजार जोखिम के प्रबंधन में उपयोग किया जाता है ।

बैंक, नियमित आधार पर संरचनात्मक चलनिधि विवरणों और शेयर अनुपातों के माध्यम से तुलन पत्र के सभी मदों की चलनिधि जोखिम को मापती एवं निगरानी करती है । बैंक, ब्याज दर संवेदनशीलता अंतराल रिपोर्टों के माध्यम से इसके ब्याज दर जोखिम की भी निगरानी करता है ।

बैंक ने राजकोष कार्यों के लिए परिचालनगत दिशानिर्देशों को लागू करने हेतु अपनी निवेश नीति का प्रतिपादन एवं समीक्षा किया है । बैंक ने चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम आदि से निपटने के लिए एक आस्ति देयता प्रबंधन नीति को भी लागू किया है । इन नीतियों में प्रबंधन कार्य, प्रक्रिया, विवेकसम्मत जोखिम सीमा, समीक्षा व्यवस्था और रिपोर्टिंग प्रणाली आदि शामिल हैं । इन नीतियों की समय-समय पर वित्तीय एवं बाजार की स्थिति में परिवर्तन होने के क्रम में समीक्षा की जाती है ।

बैंक के निवेश संविभाग के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को सुदृढ़ करने के साथ बाजार जोखिम के लिए पूंजी प्रभार के स्वचालित गणना के साथ चल रहे आधार पर अपने निवेश एवं राजकोष संविभाग की निगरानी के लिए बैंक के पास एकीकृत राजकोष प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) सॉफ्टवेयर है ।

परिचालनगत जोखिम:

प्रभावी ढंग से एक परिचालनगत जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक ने एक परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की है । विभिन्न उत्पादों, गतिविधियों और विभिन्न व्यवसाय श्रेणी में आय की संगणना के लिए बैंक ने व्यवसायिक श्रृंखला संगणना नीति भी तैयार की है ।

बैंक के परिचालनगत जोखिम की निगरानी करने का दायित्व परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) का है । ओआरएमसी द्वारा बैंक द्वारा अपनाई गई प्रणाली, प्रक्रिया, नए उत्पाद तथा परिचालन जोखिम लॉस इवेन्ट डाटा की भी समीक्षा की जाती है और आंतरिक प्रणाली तथा प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए सुधारात्मक/निवारक उपाय करने हेतु यह सुझाव देता है ।

बासेल-II और बासेल-III अनुपालन:

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी मार्गदर्शी की श्रृंखला में 31 मार्च, 2009 से बैंक ने बासेल ढांचे का सफलता के साथ ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण (एसए) परिचालनगत जोखिम के लिए मूल संकेत दृष्टिकोण (बीआईए) और पूंजी पर्याप्तता अनुपात की गणना के लिए बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण (एसडीए) का माइग्रेट किया है ।

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश के अनुसरण में 01 अप्रैल, 2013 से बासेल पूंजी नियामक शर्तों का अनुसरण किया है । बैंक द्वारा तिमाही अंतराल में बासेल-II और बासेल-III, दोनों के तहत, जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) में पूंजी की गणना किया जाता है ।

भारतीय रिजर्व बैंक ने स्तंभ 2 दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए सभी वस्तु जोखिम का निर्धारण करने के लिए आंतरिक पूंजी पर्याप्त बैंक ने दोनों बासेल-II और बासेल-III के नियमों के तहत अपनी पूंजी की आवश्यकता की समीक्षा की और अपने पूंजी आधार को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं । बैंक ने आईसीएएपी को तिमाही आधार

पर बैंक की पूंजी की आवश्यकता और निगरानी के लिए समीक्षा की है ।

आईसीएएपी नीति के साथ, बैंक वार्षिक आधार पर आईसीएएपी दस्तावेज तैयार करता है और बैंक के निदेशक मंडल द्वारा आंतरिक सत्यापन और अनुमोदन के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया जाता है । वर्ष 2014-15 के लिए बैंक के आईसीएएपी दस्तावेज आरबीआई को प्रस्तुत किया गया है ।

बैंक ने दोनों बासेल-II और बासेल-III के नियमों के तहत अपनी पूंजी की आवश्यकता की समीक्षा की और अपने पूंजी आधार को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं । बैंक ने आईसीएएपी को तिमाही आधार पर बैंक की पूंजी की आवश्यकता और निगरानी के लिए समीक्षा की है ।

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों और बैंक के तनाव परीक्षण नीति के अनुसार बैंक ने लिक्विडिटी रिस्क, ब्याज पर जोखिम, विदेशी मुद्रा जोखिम और ऋण जोखिम जैसे विभिन्न जोखिमों पर त्रैमासिक अंतराल पर तनाव परीक्षण विश्लेषण का आयोजन किया और पूंजी पर्याप्तता और मुनाफे का आकलन भी किया ।

जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में कौशल विकास के लिए, बैंक ने सीएएफआरएएल, एनआईबीएम, आईबीए, आईडीआरबीटी, सीएबी आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा किए गए जोखिम प्रबंधन पर विभिन्न प्रशिक्षण/सेमिनार के लिए नियमित आधार पर अपने अधिकारियों को मनोनीत किया ।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को 31 मार्च, 2015 तक बैंक द्वारा रु 28561 करोड़ ऋण दिया गया है जो कि एएनबीसी का 40.48% है । भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों पर जारी संशोधित दिशानिर्देश के पश्चात लक्ष्य प्राप्त एएनबीसी का 40% करने के उद्देश्य से, बैंक ने विभिन्न कदम उठाए हैं, अर्थात् गिरवी के विसर्पोषण के लिए संपार्श्विक प्रबंधन कंपनियों को नियुक्त करना, दुग्ध उत्पादन की बड़ी इकाईयों को वित्त प्रदान करना, मुर्गी पालन, वृक्षरोपण, हाईटेक कृषि आदि ।

कृषि ऋण :

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान रु8292 करोड़ लक्ष्य के मुकाबले 88% की सीमा तक उपलब्धि पाते हुए रु.7283 करोड़ संवितरित किया है।31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार कृषि क्षेत्र के लिए ऋण रु9073 करोड़ रहा जो एएनबीसी का लगभग 13% है । प्रत्यक्ष कृषि ऋण रु5898 करोड़ (एएनबीसी का 8.36%) है। बैंक ने हर साल अप्रत्यक्ष कृषि के तहत लक्ष्य प्राप्ति को बनाए रखा है जो एएनबीसी का 4.5% है ।

कमजोर वर्ग के लिए ऋण देना :

31 मार्च, 2015 को कमजोर वर्ग के लिए ऋण रु 7350 करोड़ हो गया है जो 10% की निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले एएनबीसी का 10.42% है। कमजोर वर्गों को ऋण प्रदान करना बैंक का प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है जहां देश के पूर्वी और उत्तरी पूर्वी हिस्सों में ग्रामीण और अर्ध शहरी आबादी का अधिकांश हिस्सा इसी खंड से संबंधित है।

अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ऋण देना:

अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बैंक का ऋण मार्च 2015 के अंत तक रु.4285 करोड़ हो गया जो पीएसएल शर्त के अनुरूप 15% है । वित्त विस्तार के अलावा बैंक ने सच्चर कमेटी की सिफारिश के अनुसार वित्तीय साक्षरता आदि की दिशा में सभी आवश्यक कार्रवाई भी किया है।

किसान क्रेडिट कार्ड:

बैंक ने उत्पादन, निवेश, कृषि उपकरणों के रखरखाव, वार्षिक मूल्य वृद्धि के साथ साथ उपभोग की दिशा में कृषक समुदाय को सभी प्रकार की जरूरत के लिए 5 साल के लिए समग्र क्रेडिट सीमा होने, संशोधित योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जारी करने के लिए सफलतापूर्वक संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया है । बैंक ने रु751 करोड़ की ऋण सीमा के साथ 2014-15 के दौरान 150,019 नया केसीसी जारी किया है, 31.03.2015 तक रु .2043.59 करोड़ रुपये का कुल बकाया के साथ बकाया जारी किए गए केसीसी की संख्या 542,790 थी । सरकार के दिशा निर्देशों के साथ केसीसी धारकों के लिए रुपे आधारित एटीएम कार्ड जारी करने के क्रम में बैंक ने 31.03.2015 तक केसीसी धारकों के लिए 2.24 लाख एटीएम कार्ड जारी किया है जिसमें से 65% सक्षम केसीसी धारक(अनपढ़, अनिच्छुक और एनपीए केसीसी धारक को छोड़कर) हैं।

स्वयं सहायता समूह :

बैंक का रु333.67 करोड़ रुपए की बकाया राशि के साथ 87,799 स्वयं सहायता समूहों के साथ क्रेडिट लिंकेज है। वित्तीय वर्ष 2014-15 में 5808 स्वयं सहायता समूहों को 30 करोड़ रुपए की ऋण सीमा के साथ क्रेडिट लिंक दिया गया है। बैंक एसएलबीसी, पश्चिम बंगाल के निर्णय के अनुसार स्वयं सहायता समूहों के 1% ग्रेडिंग पर 1 लाख की प्रारंभिक क्रेडिट सीमा प्रदान करके स्वयं सहायता समूहों के लिए एनआरएलएम कार्यक्रम को लागू किया है।

कारपोरेट सामाजिक दायित्व पहल :

बैंकिंग क्षेत्र सहित, कॉर्पोरेट दुनिया में सीएसआर को अधिक से अधिक महत्व दिया गया है । इन वर्षों में, हमने युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया में, प्राथमिकता क्षेत्र, औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचे के विकास, साथ ही अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन प्रथाओं के माध्यम से अपने स्वयं के आंतरिक कामकाज के लिए बैंक की वित्तीय, प्रचार और विकास सहायता के साथ सीएसआर सिद्धांतों को एकीकृत किया है । हमारे सीएसआर स्तंभ स्थाई बैंकिंग, पर्यावरण, सामाजिक प्रतिबद्धताओं, मानव संसाधन विकास और हितधारक का विनियोजन कर रहे हैं ।

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के हिस्से के रूप में बैंक ने निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया है :

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी): बैंक ने अब तक समाज के दलित समुदाय से भावी उद्यिमयों को प्रशिक्षण देने के लिए पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा राज्यों में 12 आरसेटी का गठन किया है ।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान इन संस्थानों ने 10,673 ग्रामीण युवाओं / महिलाओं को प्रशिक्षण दिया है जिनमें से 75% प्रशिक्षुओं ने स्वयं का आर्थिक उद्यम स्थापित किया है। कुल स्व रोजगार के प्रशिक्षुओं में से 85% महिला और कमजोर वर्गों समुदायों के हैं। इन संस्थानों के प्रशिक्षुओं को अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करने में सक्षम करने के लिए हमारे बैंक शाखाओं से ऋण की व्यवस्था सहित प्रशिक्षण समर्थन (एस्कॉर्ट सेवाएँ) प्रदान किया जा रहा है ।

वित्तीय वर्ष 2014-15 तक, युनाइटेड आरसेटी द्वारा गरीबी रेखा से नीचे के उम्मीदवारों के लिए किए गए प्रशिक्षण से संबंधित व्यय के बदले बैंक रू.1,00,62,805/- के लिए दावा प्रस्तुत किया है जिसमें से 31.03.2015 तक बैंक को रू .68,32,886 की प्रतिपूर्ति प्राप्त हुई है ।

एफएलसीसी : बैंक ने समाज के निर्धन लोगों के लिए वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श सेवाओं का विस्तार करने के लिए पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और मणिपुर राज्यों में 38 वित्तीय साक्षरता केन्द्रों की स्थापना की है। वित्तीय वर्ष 2014-15 में, उक्त एफएलसीएस द्वारा वितीय साक्षरता प्रदान करने के लिए नियमित बाहरी क्रियाकलाप आयोजित किए गए ।

युनाइटेड बैंक सामाजिक आर्थिक विकास फाउंडेशन (यूबीएसईडीएफ) : बैंक के निदेशक मंडल के निर्णय के क्रम में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने की दिशा में लिए गए निर्णय के संदर्भ में सामाजिक और आर्थिक विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा समाज के कमजोर और विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 30 मार्च 2007 को इसे स्थापित किया गया था। बैंक ने 31.03.2015 तक अपने सीएसआर गतिविधियों की ओर रुपए 188 लाख की शामिल कुल राशि को 66 विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों में वित्तीय सहायता बढ़ाया है । वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ने 7 परियोजनाओं के लिए रू 63.20 लाख वितरित किया है जिसे सामाजिक कारणों के लिए संबंधित संगठनों द्वारा निष्पादित किया जाना है ।

एमएसएमई ऋण

एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित कार्यनिष्पादन ऋण नीचे प्रस्तुत है :

(राशि करोड़ में)

	31.03.14 तक		31.03.15 तक		वर्षवार
	सं.	बकाया	सं.	बकाया	विकास
माइक्रो	234888	7259	221214	8287	14.16
लघु	14807	4225	14235	4058	(3.95)
एमएसई	249695	11484	235449	12345	7.50

बैंक 31.03.2015 तक एमएसई क्षेत्र के तहत 7.50% की वर्षवार वृद्धि हासिल की।

1. एमएसएमई लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियाँ

- एमएसएमई क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए पहल
- इस वित्तीय वर्ष के लिए रुपये 14400 करोड़ का एमएसई लक्ष्य रखते हुए और अनुरूपी एनपीए की दृष्टि से हमारा पूरे प्रयास गुणवत्तापूर्ण पोर्टफोलियो का निर्माण, उच्च गुणवत्ता आस्ति प्राप्त करने और एनपीए में प्रभावशाली वसूली और नए स्लिपेज को रोकने पर केंद्रित है।
- बदलाव का समय कम करने और गुणवत्ता आस्ति पोर्टफोलियो बनाने के लिए केंद्रीकृत एमएसएमई ऋण प्रोसेसिंग केन्द्र (एमएसएमईएल पी सी) नियंत्रण और एमएसएमई विभाग की निगरानी और नियंत्रण में कोलकाता में स्थापित किया गया है। एमएसएमई एल पी सी देश भर में सभी स्थानों से प्राप्त रुपए 1.00 करोड़ और उपर तक के उचित ऋण प्रस्तावों का प्रक्रिया मंजूरी देगा । अतिरिक्त एमएसएमई एल पी सी प्रस्तावों की मात्रा और कार्य निष्पादन के आधार पर विभिन्न नोडल केन्द्रों पर खोला जा सकता है।
- क्षेत्रों को एमएसई ऋण देने के लिए लक्ष्य तय करने के लिए सलाह दी गई है। एमएसएमई विशेष शाखाओं और औद्योगिक क्षेत्र/समूहों के नजदीक प्रमुख रूप से आसपास स्थित जगहों सहित एमएसएमई अग्रिम की संभावना वाली शाखाओं को उद्यिमयों से नए कारोबार करने और बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी गई है।
- त्रैमासिक ब्रेकअप के साथ एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र वार और शाखा वार लक्ष्य तय किया गया। नियमित रूप से अनुवर्ती प्रधान कार्यालय में साप्ताहिक आधार पर नियमित अनुवर्तन किया जाता है।

- एमएसएमई वित्तपोषण की संभावना वाली 87 शाखाएँ उन जिलों में विशेष एसएमई शाखाओं के रूप में नामित की गयी हैं जहाँ हम अग्रणी बैंकर और समूहों के नजदीक हैं ।

- उनके एमएसएमई एसोसिएशनों / एनएसआईसी के साथ टाई अप और उनके प्रचार (प्रोमोशनल) कार्यक्रमों में भागीदारी कार्यशालाओं / सेमिनारों और ईडीपी कार्यक्रमों के साथ नियमित रूप से इंटरफ़ेस करना।

- एमएसएमई ऋण के साथ काम कर रहे अधिकारियों को उचित ऋण प्रस्तावों की परेशानी मुक्त मंजूरी के लिए नियमित आधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

- रियायती दर पर एमएसएमई इकाइयों की रेटिंग के लिए केडिट रेटिंग एजेंसियों के साथ टाई अप। उच्चतम और 2 सर्वोच्च श्रेणी एमएसएमई इकाइयों के लिए ब्याज में कमी के रूप में प्रोत्साहन।

- बैंक एमएसएमई वित्तपोषण के लिए समूह / क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण अपनाया है।

बैंक ने 10.00 लाख तक एमएसई क्षेत्र के लिए संपार्श्विक मुक्त ऋण के लिए प्रोत्साहित किया है।

अग्रणी बैंक योजना

बैंक पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा राज्य में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) का संयोजक है । बैंक चार राज्यों के 34 जिलों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है जिसमें पश्चिम बंगाल में 10 जिले, असम में 12 जिले, मणिपुर में 4 जिले और त्रिपुरा में 8 जिले शामिल हैं ।

राज्य का अग्रणी बैंक होने के नाते, अग्रणी बैंक योजना में शामिल राज्य के लिए वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) के निर्माण एवं अंतिम रुप देने और राज्य सरकार के प्राधिकारियों के साथ निकट संपर्क बनाए रखते हुए विभिन्न सामाजिक आर्थिक गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त कार्ययोजना तैयार करने में बैंक सक्रिय रुप से शामिल है ।

पश्चिम बंगाल तथा त्रिपुरा दोनों राज्यों के एसएलबीसी का संयोजक होने का नाते बैंक के लिए 2014-15 का वर्ष घटना प्रधान रहा ।

त्रिपुरा राज्य में आयोजित की गई एसएलबीसी की बैठक में राज्य के माननीय मुख्य मंत्री श्री मानिक सरकार और माननीय वित्त मंत्री श्री बादल चौधुरी, भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक और राज्य के लाईन विभाग के प्रमुख सचिव जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया ।

पश्चिम बंगाल राज्य के माननीय वित्त मंत्री डॉ. अमित मित्रा, भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग से निदेशक और राज्य के लाईन विभाग के प्रमुख सचिव ने वर्ष 2014-15 के दौरान पश्चिम बंगाल राज्य में आयोजित की गई एसएलबीसी की सभी बैठकों में सहभागिता की ।

- बैंक के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल तथा त्रिपुरा राज्य में वर्ष के दौरान निम्नलिखित उपलब्धियां हुई:

- एसएलबीसी संयोजक के रूप में बैंक के नेतृत्व में दोनों राज्यों में प्रधानमंत्री जन धन योजना , एक व्यापक वित्तीय समावेशन योजना 28 अगस्त , 2014 को उचित तरीके से शुरू किया गया था । पश्चिम बंगाल में , डॉ. नजमा हेपतुल्ला, माननीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व के अथक प्रयासों और जनता की भारी प्रतिक्रिया के तहत, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा राज्य के 90 से अधिक परिवारों को कवर करने की उपलब्धि हासिल की ।

- पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा दोनों के लिए 2015-16 के लिए वार्षिक ऋण योजना नाबार्ड द्वारा तैयार की गयी पीएलपी के आधार पर अंतिम रूप दिया गया और औपचारिक रूप से 16.03.2015 और 20.03.2015 पर आयोजित एसएलबीसी की बैठकों में शुरू की गयी जो ठीक 1 अप्रैल, 2015 से प्रभावी होगी ।

वित्तीय समावेशन

वित्तीय समावेशन वैकल्पिक तकनीकों से आम लोगों में बैंकिंग की आदतों को बढ़ावा देने की एक नवोन्मेषी अवधारणा है। देश के सभी परिवारों को व्यापक वित्तीय समावेशन में लाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री ने 28 अगस्त , 2014 को वित्तीय समावेशन पर प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)पर एक राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ किया । यह योजना हर घर के लिए बैंकिंग सुविधाओं की सार्वभौमिक पहुँच के साथ प्रत्येक घर के लिए वित्तीय साक्षरता, ऋण बीमा और पेंशन की सुविधा के लिए कम से कम एक बुनियादी खाता होने से संबंधित है ।

बैंक ने सफलतापूर्वक वित्तीय समावेशन को कार्यान्वित किया है और समावेशी विकास के लिए कदम उठाते हुए बैंकों से दूर रहे परिवारों को बैंकिंग दायरे में लाया है । ग्राहकों को बुनियादी बैंकिंग सेवाओं के साथ बीमा और पेंशन उत्पाद भी प्रदान किया जाता है। बैंक मित्र समग्र वित्तीय समावेशन के कार्यान्वयन के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे अतएव बैंक ने उनके लिए ज्यादा आकर्षक और कार्यनिष्पादन से संबद्ध पारिश्रमिक की भी व्यवस्था की है ।

बैंक मित्र के माध्यम से गावों को शामिल करना:

13,250 गांवों को वित्तीय समावेशन के दायरे में शामिल करते हुए बैंक मित्रों के माध्यम से सेवा प्रदान की गई जिनमें से 1816 गावों की जनसंख्या 2000 से ज्यादा है और 11,434 गावों की जनसंख्या 2000 से कम है ।

4252 बैंक मित्र (बीसी एजेंट) उप सेवा क्षेत्र (एसएसए) योजना के तहत अभी काम कर रहे हैं । सभी बैंक मित्र निर्धारित केन्द्रित स्थानों के माध्यम से ऑन लाइन मोड पर काम कर रहे हैं ।

गैर बैंकिंग परिवारों का कवरेज:

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के दायरे तहत 51.47 लाख गैर बैंकिंग परिवार शामिल हुए हैं ।

खातों को खोलना और रुपे डेबिट कार्ड जारी करना:

पीएमजेडीवाई के अन्तर्गत 38.69 लाख खाते खोले गए हैं । इनकी तुलना में 30.67 लाख रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए हैं ।

जमा संग्रहण :

पीएमजेडीवाई के तहत, बैंक ने रु 1465.06 रुपये कासा जमा संग्रहित किया है, जो औसत प्रति खाता रु 3786 औसत शेष राशि है ।

आधार सीडिंग :

सरकारी सहायिकी को हिताधिकारियों के खाते में सीधे अंतरण सुनिश्चित करने के क्रम में 13.15 लाख पीएमजेडीवाई खाता आधार संबद्ध किया गया ।

आधार सक्षम भुगतान सेवा (एईपीएस)

बैंक ने सफलतापूर्वक बैंक मित्र के माध्यम से एईपीएस ऑनयूएस और ऑफयूएस जारीकर्ता/प्राप्तकर्ता लेनेदेन को कार्यान्वित किया है । फिर भी, कोई ग्राहक आधार संबद्ध खाते को बैंक मित्र के माइक्रो एटीएम के माध्यम से लेनदेन कर सकता है ।

ई केवाईसी शाखा के साथ साथ बैंक मित्र स्तर पर भी सक्रिय कर दिया गया ।

प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण :

डीबीटी / डीबीटीएल के लिए, बैंक खाता आधारित और आधार आधारित एपीबीएस लेनदेन दोनों ले रहा है ।

वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए, बैंक ने स्थानीय भाषा में एक लघु फिल्म और रेडियो जिंगल भी तैयार किया है जिसे खाता खोलने वाले शिविरों के दौरान दिखाया जा रहा है । इसके अलावा बैंक के 38 अग्रणी बैंक कार्यालयों, 12 आरसेटी में भी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है । शाखाएं भी नियमित अंतराल पर गावों में साक्षरता शिविर आयोजित करती हैं ।

संगठन एवं सहायता सेवा

शाखा नेटवर्क

भारतीय रिज़र्व बैंक ने तत्पर सुधार कार्रवाई (पीसीए) के तहत अपने दिनांक 14.02.2014 के पत्र सं. डीबीएस.सीओ.पीएसबीएमडी.सं.90/14.01.2052/2013-14 के द्वारा शाखाओं के खोलने पर प्रतिबंध लगाया था ।

फिर भी, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 05 दिसम्बर, 2014 के पत्र सं. बीएपीडी.8382/22.03.026/2014-15 के विशेष अनुमति के द्वारा 2014-15 के दौरान 05 शाखाएं खोली गई थीं ।

02 मेट्रो शाखाएं यथा, नई दिल्ली क्षेत्र के तहत नेहरु प्लेस और दरियागंज ईसी, कॉरपोरेट वित्त शाखा, नई दिल्ली के साथ विलय कर दिया गया था । 2014-15 के दौरान 05 शाखाओं को खोलने और 02 शाखाओं के विलयन के साथ पूरे भारतवर्ष में फैली हुई शाखाओं की कुल संख्या 31.03.2015 तक 2004 थी। बैंक के देशभर में 04 एक्सटेंशन काउंटर और 35 क्षेत्रीय कार्यालय हैं ।

कुल शाखा नेटवर्क का संख्या समूहवार संरचना:

स्थान	शाखाओं की संख्या (कुल का %)	
	31.03.2014	31.03.2015
मेट्रोपोलिटन	332 (16.59%)	330 (16.47%)
शहरी	461 (23.04%)	463 (23.10%)
अर्ध शहरी	409 (20.44%)	411 (20.51%)
ग्रामीण	799 (39.93%)	800 (39.92%)
कुल	**2001**	**2004**

कुल शाखा नेटवर्क की भौगोलिक स्थितिवार संरचना:

स्थान	शाखाओं की संख्या (कुल का %)	
	31.03.2014	31.03.2015
पूर्वी क्षेत्र	1168 (58.37%)	1169 (58.33%)
पूर्वोत्तर क्षेत्र	351(17.54%)	352 (17.56%)
पश्चिमी क्षेत्र	85 (4.25%)	85 (4.24%)
उत्तरी क्षेत्र	125 (6.25%)	123 (6.14%)
दक्षिणी क्षेत्र	118 (5.90%)	121 (6.05%)
केन्द्रीय क्षेत्र	154 (7.69%)	154 (7.68%)
कुल	2001	2004

विशिष्ट ग्राहकों के लिए बैंक की 149 विशेष शाखाएं हैं ।

विशेष शाखाओं की श्रेणियाँ	31.03.2015
1. एमएसएमई	87
2. आस्ति वसूली प्रबंधन	4
3. खुदरा केंद्र	26
4. एमएसएमई ऋण प्रसंस्करण केन्द्र	1
5. कॉर्पोरेट वित्त शाखा	4
6. सेवा शाखा	19
7. महिला शाखा	5
8. ट्रेजरी शाखा	1
9. केन्द्रीय पेंशन प्रसंस्करण केन्द्र	1
10. कैश मैनेजमेंट सर्विस हब	1
कुल	149

31.03.2015 तक कुल 2004 शाखाओं में से 884 (44.11%)शाखाएं देश भर में 85 अल्पसंख्यक बहुल जिलों में स्थित हैं।

देश भर में बैंक की 35 क्षेत्रीय कार्यालय है।

इन्फो टेक पहल

कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (सीबीएस):

सभी शाखाओं में कोर बैंकिंग सोल्यूशन (फिनेकल) के अंतर्गत आते हैं। कोर बैंकिंग डेटा बेस सिस्टम के प्रदर्शन में सुधार करने के लिए उच्च संस्करण के लिए उन्नत किया गया है। अपने कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) के तौर पर , बैंक आवधिक डी.आर (डिजास्टर रिकवरी) अभ्यास आयोजित करता है।

नेटवर्क:

बैंक नेटवर्क के कार्यनिष्पादन में सुधार करने के लिए सभी शाखाओं में वान ऑप्टिमाइजेशन सोल्यूशन लागू किया है । बैंक के केवल कटने की परिस्थिति में नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने हेतु चयनित सिंगल सेंटर शाखाओं में द्वितीय बैक अप के रूप में वीसेट लिंक का कार्यान्वयन किया है ।

भुगतान प्रणाली :

बैंक की सभी शाखाओं और प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से सीधे महत प्रसंस्करण (एसटीपी) का उपयोग कर अगली पीढ़ी आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से अंतर बैंक फंड अंतरण के लिए सक्षम हैं। आरटीजीएस / एनईएफटी की सुविधा भी खुदरा और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से उपलब्ध है। हमारे मोबाइल बैंकिंग ग्राहक एनईएफटी सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं। स्विफ्ट सेवाएं समेकित रूप से दुनिया भर में अंतरबैंक वित्तीय संचार के माध्यम से ए श्रेणी के ए.डी शाखा और 39 बी श्रेणी के ए.डी शाखाओं के लिए पेशकश की जा रही है। वर्ष के दौरान बैंक सफलतापूर्वक व्यापार निरंतरता योजना (बीसीपी) को डीसी डीआर आरटीजीएस/एनईएफटी के लिए अभ्यास और

स्विफ्ट का आयोजन किया गया। क्रेडिट (एल.सी) पत्र एस.एफ.एम.एस के माध्यम से जारी किया जाता है।

बैंक की वेबसाइट और इंट्रानेट :

बैंक का इंट्रानेट पोर्टल को जानकारी विनिमय करने, ज्ञान प्रबंधन और ऑनलाइन परीक्षा के लिए बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। वित्त मंत्रालय के निदेशानुसार, बैंक की वेबसाइट में ऑनलाइन शिकायत, आवास ऋण, कार ऋण क्रियान्वित किया गया है । ग्राहकों के सभी अनुरोध को ऑनलाइन बनाने के लिए और ऑनलाइन ट्रैकिंग करने की सुविधा है ।

स्वयं सेवा कियोस्क :

चयनित शाखाओं में स्वयं सेवा कियोस्क सेवाओं की एक नई प्रौद्योगिकी पहल किया गया है। यह पासबुक प्रिंटिंग, नकद जमा और चेक जमा सेवाओं के लिए है ।

मेल संदेश प्रणाली :

सभी कार्यालयों को शामिल करते हुए वर्ष के दौरान केंद्रीकृत अभिलेखीय समाधान के साथ कॉर्पोरेट मेल संदेश प्रणाली को उन्नत बनाया गया ।

एस ओसी और आईटी सुरक्षा :

आईटी सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक वितरण चैनलों के माध्यम से लेनदेन में घातीय वृद्धि पर बढ़ती निर्भरता के साथ, बैंक व्यवसाय के निर्वाह के लिए प्रमुख क्षेत्र के रूप में सूचना सुरक्षा की पहचान की गई है । भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ी को बैंक में सूचना सुरक्षा प्रबंधन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में लिया जाता है । बैंक सक्रिय रूप से भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों पूरी तरह से पालन करने के लिए अंतराल को कम करने में लगा है । बैंक नियमित रूप सर्टइन एमपैनेल्ड एजेंसी के माध्यम से महत्वपूर्ण आईटी बुनियादी ढांचे की नियमित सुरक्षा लेखा परीक्षा आयोजित करता है । बैंक ने अपने वेबसाइटों के लिए एंटी फ्रिशिंग, एंटीविरोधी एंटीफॉर्मिंग, एंटीट्रोजन और एंटीमैलवेयर प्रबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए पेशेवर एजेंसी को लगाया है । बैंक के लॉग 24x7 निगरानी और रिकॉर्डिंग के लिए डेटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी सेंटर में उपलब्ध सभी उपकरणों और मैपिंग् द्वारा सुरक्षा संचालन केन्द्र (एसओसी) को चालू किया गया है आईएस सुरक्षा के संचालन के लिए एसओसी द्वारा केंद्रीकृत सूचना सुरक्षा स्थिति और कमांड सेंटर दृष्टिकोण प्रदान करता है।

बायोमैट्रिक :

वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को प्रमाणीकरण धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए बैंक के कर्मचारियों के लिए लॉग इन बायोमैट्रिक पेश करने का निर्देश दिया है । बैंक अपनी सभी शाखाओं को बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण समाधान लागू किया गया है।

सीएमएस :

बैंक ने शेयरों की अमूर्तिकरण और अनोखे व्यापार मंच हेतु ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल यू-कनेक्ट शुरू किया है. बैंक कोटक के साथ समझौता हस्ताक्षर किया है ताकि बैंक के ग्राहक ऑनलाइन ट्रेडिंग सुविधाओं का लाभ उठा सके ।

सीटीएस :

बैंक ने सभी तीन ग्रिड अर्थात् दक्षिणी ग्रिड, पश्चिमी ग्रिड, उत्तरी ग्रिड पर सीटीएस समाधान लागू किया गया हैजो 67 केन्द्रों और 551 शाखाओं को शामिल करता है। इसके अलावा, एक केंद्रीकृत आवक चेक प्रसंस्करण केंद्र कोलकाता में चालू किया गया है जो दक्षिणी ग्रिड के सभी आवक समाशोधन उपकरणों से निपटने का कार्य करता है । पश्चिमी ग्रिड और उत्तरी ग्रिड में आवक चैक से निपटने के लिए क्रमश: मुंबई और दिल्ली सर्विस ब्रांच में केंद्रीकृत कर दिया गया है। आवक उपकरणों के लिए स्कैन हब भी शहर / क्षेत्र के हिसाब से केंद्रीकृत किया गया है ।

वर्चुअलाइजेशन:

बैंक ने गैर महत्वपूर्ण प्रयोगों के लिए आभासी वातावरण में कुछ प्रत्यक्ष सर्वरों को मजबूत बनाने हेतु पहल की है । आभासी सेवाओं को सक्षम करके बैंक ने बिजली की खपत, कार्बन पदचिह्न कम करते हुए डेटा सेंटर में बेहतर सर्वर प्रबंधन को सक्रिय किया है ।

वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यम :

बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए उद्योग में उपलब्ध सभी लोकप्रिय वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यमों द्वारा चौबीसो घंटे बैंकिंग सेवा प्रदान करता है। 31.03.2015 तक चैनलों की स्थिति निम्नानुसार है।

एटीएम: वित्तीय वर्ष 2014-15 में 312 एटीएम लगाए गए है और अब कुल एटीएम की संख्या 1912 हो गई है, इसके नेटवर्क के अलावा, देश में और विदेश में हमारे ग्राहक एन एफ एस/चीज़ा के सभी एटीएम का उपयोग कर सकते हैं।

डेबिट कार्ड: बैंक रुपे और वीजा दोनों के डेबिट कार्ड जारी कर रही है। बैंक का कुल डेबिट कार्ड 50.40 लाख था। कार्ड एटीएम, दुकानों पर और ईकॉमर्स साइटों पर लेनदेन के लिए सक्षम हैं। कार्ड पश्चिम बंगाल राज्य के लिए ऑन लाइन कर के भुगतान के लिए भी सक्षम हैं। इसके अलावा, ग्राहक बैंक की वेबसाइट www.unitedbankofindia.com पर जाकर इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग सेवाओं के लिए खुद को पंजीकृत कर सकते हैं। बैंक ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय लेनदेन के लिए चिप आधारित कार्ड जारी कर रही है।

इंटरनेट बैंकिंग : कुल 2.25 लाख ग्राहकों ने इंटरनेट बैंकिंग के लिए पंजीकृत किया है, जिसके माध्यम से वे घर / कार्यालय में आराम से बैठकर बहुत से क्रिया कलाप कर सकते हैं जैसे खुद उपयोगकर्ता पंजीकरण, खाता देखना, धन हस्तांतरण, बिल भुगतान, खरीद, कर भुगतान, सावधि जमा खोलना आदि. बैंक में पीपीएफ मॉड्यूल भी शुरूकी गई है। जिसके माध्यम से ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग पंजीकृत ग्राहकों के खाते में जमा करने सहित ऑनलाइन उनके पीपीएफ खातों का प्रबंधन कर सकते हैं। अन्य मूल्य वर्धित सेवाओं यथा आधार / एलपीजी आईडी लागू करना, टैक्स की ईफाइलिंग भी उपलब्ध है।

मोबाइल बैंकिंग: मोबाइल बैंकिंग आने वाले दिनों में सबसे प्रमुख बैंकिंग माध्यम होने की उम्मीद है।काफी सुविधाओं के साथ साथ आईएमपीएस (पी 2 पी, पी2ए, पी2एम) आधारित धन अंतरण, मोबाइल रिचार्ज आदि ग्राहक आईएमपी आधारित व्यापारी सुविधा के माध्यम से रेलवे टिकट बुक कर सकते । सेवा यानी ग्राहक की सुविधा के आधार पर सभी साधनों में उपलब्ध है, वैप आधारित है और यूएसएसडी आधारित एसएमएस आधारित है। बुनियादी मोबाइल हैंडसेट के साथ ग्राहक मोबाइल बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं, जिसके माध्यम से यूएसएसडी उत्पाद, एनपीसीआई का यानी एनयूयूपी (राष्ट्रीय एकीकृत यूएसएसडी मंच) भी शुरू की गई है। कुल पंजीकरण आधार के साथ 0.55 लाख रुपए है। ग्राहक को बेहतर अनुभव देने के लिए आवेदन के रंग रूप भी बदल दिया गया है।

एसएमएस आधारित खाता शेष: ग्राहक 9015431345 पर एक मिस कॉल देकर एसएमएस के माध्यम से किसी भी समय अपने खाते की शेष राशि पता कर सकता हैं।

मिस्ड कॉल सावधि जमा: बैंक ने एक अनूठा उत्पाद शुरू किया है जिसमें ग्राहक 08470820820 पर मिस कॉल देकर 12 महीने की अवधि के लिए 10,000 / जमा कर सकते हैं ।

केंद्रीकृत भुगतान केंद्र

बैंक ने प्रधान कार्यालय में एक केंद्रीकृत भुगतान केंद्र की स्थापना की है जो अलग भुगतान प्रणाली के उच्च मूल्य के लेन देन को सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय ढंग से संभालता है । केंद्रीकृत भुगतान केंद्र 11.03.2014 से प्रभावी है।

- विभाग निम्नलिखित सेवाओं की देख रेख कर रहा है :
- एनएसीएच डेबिट
- एनएसीएच क्रे डिट
- एबीपीएस (आधार ब्रिज भुगतान प्रणाली)
- गंतव्य बैंक के रूप में एनपीसीआई का जनादेश प्रबंधन प्रणाली
- डीबीटीएल (एलपीजी ग्राहकों के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण)
- ईसीएस क्रेडिट प्रायोजक बैंक के रूप में केन्द्र सीपीएच प्र.का. में, (भारतीय रिजर्व बैंक से एनएसीएच के मंच पर आने से पहले शाखाओं / सेवा शाखा द्वारा संसाधित किया जा रहा था, जो 17.02.2015 पर एनएसीएच मंच पर किया जा रहा है)
- भारतीय रिजर्व बैंक एनएसीएच मंच पर 30.06.2015 को या इससे पहले जनादेश प्रबंधन प्रणाली सहित प्रायोजक बैंक के रूप में ईसीएस डेबिट
- सीएमएस (नकद प्रबंधन सेवाएं)
- सीएमएस भुगतान सेवाएं
- कॉर्पोरेट थोक भुगतान
- जी इपीजी (सरकारी ईपेमेंट गेटवे)
- सीएमएस संग्रह सेवा
- इंडो नेपाल धन प्रेषण सेवा
- केन्द्रीकृत जनादेश के आधार डायरेक्ट डेबिट सर्विस
- कॉर्पोरेट नकद और चेक संग्रह सेवा
- एएसबीए (अवरोधित राशि से समर्थित एप्लीकेशन)
- कोर एएसबीए
- सिंडीकेट एएसबीए
- ईएएसबीए (ई-बैंकिंग/नेट बैंकिंग मंच के माध्यम से)

जनशक्ति प्रोफ्राइल

बैंक में कुल कर्मचारियों की संख्या पिछले वर्ष 16,499 के एवज में 31 मार्च, 2015 को 15,192 रहा ।

कर्मचारियों की श्रेणी	मार्च 2014	मार्च 2015
कर्मचारियों की कुल संख्या	16499	15192
अधिकारी	7550	7355
लिपिक	6306	5428
अधीनस्थ कर्मचारी	2643*	2409*

*अंशकालिक कर्मचारी को छोड़ कर

बैंक के कुल कर्मचारियों में से 48.42% अधिकारियों, 35.72% लिपिकों और 15.86% अधीनस्थ कर्मचारी शामिल हैं । इनमें शामिल 2991 महिला कर्मचारी बैंक के कुल कर्मचारियों का19.69% है ।

बैंक वर्ष 2014-15 के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के लगाने पर भर्ती नहीं जा सकी। हालांकि बहुत हाल ही में इसमें ढील दिया गया है और संगठन को सुचारू चलाने के लिए प्रभावी ढंग से योजना प्रक्रिया और श्रम शक्ति प्रबंधन को पूरा करने के लिए 700 पीओ और 500 क्लर्कों की भर्ती के लिए भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत रिक्त पदों को भरने के लिए शुरूकिया गया है। ।

वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान इंटर कैडर और अंतर वर्ग पदोन्नति सफलतापूर्वक की गई और कुल 621 कर्मचारी को उनके अगले उच्च कैडर में पदोन्नत किया गया ।

प्रशिक्षण/मानव संसाधन विकास (एचआरडी)

बैंकिंग प्रौद्योगिकी तीव्र गति से विकसित हो रही है और क्षमता विकास के नए प्रौद्योगिकी आधारित कौशल के साथ परंपरागत बैंकिंग कौशल को मजबूत करना बैंक के लिए अत्यंत जरूरी है। मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों आंतरिक प्रशिक्षण प्रणाली की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रमुख कदम उठाए गए हैं ।

वर्तमान में, बैंक के कोलकता में एक कर्मचारी प्रशिक्षण विद्यालय और चार क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र गुवाहाटी, भुवनेश्वर,दिल्ली और मुंबई में है, जहां पूर्णकालिक संकाय सदस्यों द्वारा साल भर नियमित पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए तैनात किए गए हैं । सरकारी लेनदेन और नकद प्रबंधन, ग्रामीण ऋण के प्रभावी वितरण, लघु उद्यम विकास, विदेशी मुद्रा आदि विशेष विषय पर प्रशिक्षण आरबीआई,आईआईबीएफ मुंबई, बीआईआरडी,आईडीआरबीटी,एनआईआरडी,आईआईबीएम गुवाहाटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के तत्वावधान में वर्ष के दौरान व्यवस्थित प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं ।

विशेष प्रशिक्षण जैसे ऋण, जोखिम प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, प्रबंधन विकास, धोखाधड़ी विश्लेषण, विदेशी मुद्रा आदि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अधिकारियों की प्रतिभा से संबंधित पूल तैयार करने के लिए आयोजित किया गया है । वर्ष के दौरान कुल 179 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए । बैंक के कुल 4543 कर्मचारियों में से 3773 अधिकारियों, 770 लिपिकों ने आंतरिक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।

भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 325 अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारियों के लिए पूर्व पदोन्नति प्रशिक्षण स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज, कोलकाता, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों और अन्य विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया । वर्ष के दौरान बैंक ने इन कम्पनी प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें 25 कर्मचारियों ने भाग लिया। बैंक ने 53 विभिन्न बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 86 अधिकारी कर्मचारियों को भेजा। वर्ष के दौरान बैंक के 03 विभिन्न विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 03 वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा ।

कर्मचारी कल्याण

कल्याणकारी उपाय के रूप में स्वास्थ्य देखभाल के पहलू पर विचार करते हुए मौजूदा कर्मचारियों और उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के लिए तथा बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ उनके पति-पत्नी के लाभार्थ बैंक ने मौजूदा मेडिक्लेम इंश्योरेंस योजनाओं को नवीकृत किया है । वर्ष के दौरान सेवानिवृत्त और मौजूदा कर्मचारियों की सुविधा के लिए, कर्मचारियों द्वारा अत्यंत कम राशि का प्रीमियम देकर, एक्सेस लॉस पॉलिसी की बीमा सीमा में मौजूदा रु1.50 लाख को बढ़ाकर रु2.50 लाख तक कर दी गई है । वर्ष के दौरान बैंक ने कर्मचारियों/सेवानिवृत कर्मचारियों को रियायती/प्रतिस्पर्धा दर में अस्पताल में भर्ती / स्वास्थ्य जांच/ कर्मचारियों/सेवानिवृत्त कर्मचारियों की डायग्नोस्टिक अपेक्षा को पूरा करने के लिए बैंक ने 10 नए अस्पताल, क्लिनिक आदि के साथ समग्र भारत में स्थित 90 विभिन्न अस्पतालों और डायग्नोस्टिक केंद्रों के साथ तालमेल व्यवस्था है । बैंक ने कोलकाता में पीयरलेस अस्पताल एंड बीके रॉय रिसर्च सेंटर, अपोलो ग्लेनेअग्लेस अस्पताल, ब्बी जेनेरल अस्पताल, बी.पी पोद्दार एंड देसुन अस्पताल एंड आई इंस्टिट्यूट के साथ तालमेल व्यवस्था का नवीकरण किया है ।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के संबंध में आरक्षण नीति

बैंक ने विशिष्ट आरक्षित श्रेणियों के संबंध में रोजगार /पदोन्नति में विचार का क्षेत्र के संबंध में सरकार के दिशानिर्देशों का कड़ाईपूर्वक पालन किया है । सीधी भर्ती में किसी भी कैडर में पिछली रिक्ति नहीं है । तथापि अधिकारी संवर्ग में अजा वर्ग में 13 और अजजा वर्ग में 45 कमी रिक्ति और लिपिक वर्ग में अजा वर्ग में 13 और अजजा वर्ग में 29 रिक्ति मौजूद है । इसी प्रकार अधीनस्थ वर्ग में अजा वर्ग में 2 और अजजा वर्ग में 30 रिक्तियां मौजूद है ।

कुल कर्मचारियों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व 31.03.2015 तक क्रमशः 2795(18.39 प्रतिशत) और 1029(6.77 प्रतिशत) है ।

वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित 151 कर्मचारियों को अगले उच्च कैडर में पदोन्नत किया गया । जहां यह आरक्षण लागू है, पदोन्नति की कुल संख्या का 24 प्रतिशत बनाते हुए वर्ष के दौरान प्रभावित किया है । बैंक ने विभिन्न कैडरों में अंतर कैडर पदोन्नतियों का आयोजन करने के लिए आरक्षित वर्ग से योग्य कर्मचारियों के लिए पूर्व पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया था ।

वित्तीय वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित कर्मचारियों के सेवाकाल के दौरान मृत 9 कर्मचारियों के आश्रितों को 55.00 लाख रूपए की एक मुश्त अनुग्रह राशि का भुगतान किया गया है ।

शीर्ष प्रबंधन और बैंक के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण परिषद के बीच तिमाही बैठक वर्ष के दौरान नियमित आधार पर आयोजित की गई। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मामलों में व्यक्तियों/संगठनों से प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निवारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

कर्मचारी शिकायत निवारण तंत्र

स्टाफ सदस्यों की शिकायत पर गौर करने के लिए दो टीयर शिकायत निवारण समिति दिनांक 05.02.2015 को गठित की गई है। पहला टीयर समिति में उप महाप्रबंधक के पद के 3 सदस्यों को शामिल किया गया है जो शिकायत पर गौर करने और इसका निर्णय, कर्मचारी से शिकायत प्राप्त होने के 21 दिनों में करेगी और दूसरा टीयर समीक्षा समिति में महाप्रबंधक के पद के 3 सदस्यों को शामिल किया गया है जो पहला टीयर समिति स्तर के निर्णय से पीड़ित कर्मचारी यदि संतुष्ट नहीं है, उन मामलों की समीक्षा करेगी। वर्ष के दौरान केवल 4 शिकायतें प्राप्त हुई हैं और इन शिकायतों को पहला टीयर समिति स्तर पर निराकरण किया गया है और समिति को निर्णय भेज दी गई है।

ग्राहक उन्मुखीकरण

बैंक ने विविध प्रौद्योगिकी समर्थित उत्पादों / सेवाओं, त्वरित सेवा उपलब्ध कराने, ग्राहकों को अनुकूल सेवा प्रदान करने के लिए तथा ग्राहकों के प्रश्नों/सुझाव और ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए कई कदम उठाए हैं । बीसीएसबीआई द्वारा जारी ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता का कोड पुस्तिका बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है और पश्चिम बंगाल के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को पुस्तिका बंगाली और अंग्रेजी में तैयार कर भेज दी गई है । ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के क्रम में ग्राहकों की शिकायतों/सुझाव का प्रस्तुत करने के लिए बैंक ने ग्राहक सेवा विभाग में एक टोल फ्री संपर्क सुविधा प्रदान की है। यह टोल फ्री सुविधा प्रात: 10 बजे से रात को 8.00 बजे तक उपलब्ध करायी गई है । एटीएम से संबंधित मामलों के लिए, ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रधान कार्यालय में एक अलग टोल फ्री संपर्क सुविधा प्रदान की गई है । यह उल्लेखनीय है कि बैंक के वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था लागू की गई है, जहां ग्राहक अपनी शिकायत की स्थिति को भी ट्रैक कर सकता है । एक अद्वितीय, विशेष और यादगार मोबाइल संख्या मिलने के बाद बहुत जल्द ही बैंक मिस्ड कॉल की सुविधा शुरू करने जा रहा है। प्रणाली इनकमिंग कॉल संख्या को रिकॉर्ड करेगी और प्रोम्प्ट को अविलम्ब उत्पन्न करेगा, इसके आधार पर सीएसडी के अधिकारी इसे कॉल बैक करेगा और सिस्टम से उत्पन्न यूनिक संदर्भ संख्या के तहत संक्षिप्त में बातचीत भी रिकॉर्ड करेगा। शिकायत के तेज और निष्पक्ष भेदभाव रहित निवारण की सुविधा के लिए बैंक ने व्यापक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) की शुरूआत लाभ प्रौद्योगिकी द्वारा किया है। इस प्रणाली के तहत शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रधान कार्यालय के विभागों से प्राप्त शिकायतों को संबंधित शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रधान कार्यालय के विभागों द्वारा इंट्रानेट लिंक पर उपलब्ध ऑन लाइन शिकायत निवारण पोर्टल पर अपलोड/दर्ज करेगा और निवारण/निपटान को भी रियल टाइम के आधार पर अपलोड किया जायेगा। ग्राहक द्वारा दर्ज की गई ऑनलाइन शिकायत को सीसीएमएस के बकाया डाटा बेस में सिस्टम द्वारा रखा जाएगा।

व्यापक शिकायत प्रबंधन प्रणाली प्रत्येक शिकायत की स्थिति पर नज़र रखने के लिए और अवधि के दौरान बैंक द्वारा प्राप्त कुल शिकायतों की स्थिति को जानने में हमें मदद करेगी। शिकायतों के शीघ्र निपटान के लिए आवश्यक अनुवर्ती उपायों अविलम्ब किया जाएगा। प्रणाली शिकायतों की प्रकृति के साथ साथ उत्पादों और सेवाओं से संबंधित शिकायत को वर्गीकृत करने में सक्षम है। आंकड़ों के विश्लेषण से बैंक प्रबंधन को सीधे फ्रॉट लाइन सेवा में सुधार हेतु उचित कार्रवाई करने में सहायता मिलेगी, जिसमें ग्राहक सेवा स्तर को अद्यतन करना, संचार में सुधार, उत्पाद और सेवाओं पर कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान करना, प्रणालीगत मामले के उपचारात्मक कार्रवाई शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2014-15 में ग्राहक शिकायत निवारण की प्रतिशत 98.55 थी। सभी शिकायतों को निर्धारित अवधि के भीतर निराकरण किया गया। नोडल अधिकारी की बैठक के दौरान सचिव, बीओ की घोषणा के अनुसार दिनांक 30.06.2014 को समाप्त वर्ष को बीओ के पास हमारे बैंक का बकाया शिकायतें 'शून्य' था। जहां तक बैंकिंग लोकपाल में भेजे गए मामलों का संबंध है, शिकायतों के निवारण का प्रतिशत 96.07 था। वर्ष के दौरान बैंकिंग लोकपाल ने 2 निर्णय दिए, जिसे बैंक ने बीओ के दिशा निर्देशों की निर्धारित समय सीमा के भीतर अनुपालन किया है। भारतीय बैंक संघ द्वारा स्वीकार दामोदरन समिति की 116 सिफारिशों में से बैंक ने 112 को कार्यान्वित किया है।

ग्राहक जागरूकता के लिए, बैंक ने सक्रिय रूप से भाग लिया है और वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान बैंकिंग लोकपाल (पश्चिम बंगाल और सिक्किम) के सहयोग से बैंक ने अनेक आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन किया। वर्ष के दौरान बीसीएसबीआई ने भी राष्ट्रीय पुस्तकालय, भाषा भवन, अलीपुर, कोलकाता में एक ग्राहक मिलन बैठक का आयोजन हमारे बैंक के सहयोग से किया, जिसमें सभी राष्ट्रीयकृत, निजी और अन्य अनुसूचित बैंकों और उनके ग्राहकों ने भाग लिया , जिनकी संख्या 400 से अधिक थी ।

आंतरिक नियंत्रण

बैंक के आंतरिक निरीक्षण नियंत्रण तंत्र के प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए और बैंक द्वारा विनियामक अनुपालन सहित जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण को प्रभावी बनाने के साथ प्रबंधन को उच्च गुणवत्ता सलाह प्रदान करने के लिए बैंक के सभी परिचालन इकाइयों का सतत आधार पर आंतरिक निरीक्षण किया जाता है।

बोर्ड द्वारा अनुमोदित निरीक्षण और लेखा परीक्षा नीति के अनुसार निर्धारित प्रक्रियाओं और मानकों के कार्यान्वयन और अनुपालन के स्तर के मूल्यांकन, पहचान, पद्धति और विभिन्न कार्य क्षेत्रों में शामिल जोखिम को कम करने के लिए क्षेत्र स्तर पर सात क्षेत्रीय निरीक्षण इकाइयों (आर आई यू) के वर्धित स्कंधों के साथ और आंतरिक निरीक्षकों/बाह्य लेखा परीक्षकों के एक समूह के साथ शीर्ष स्तर पर लेखा परीक्षा और निरीक्षण विभाग द्वारा क्रमागत रूप से बैंक के शाखा/कार्यालयों का निरीक्षण किया जाता है । बैंकिंग प्रणाली में बदलते परिदृश्य के साथ तालमेल बनाकर चलने के उद्देश्य से समयसमय पर बैंक की निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा नीति को अद्यतन किया जाता है और उसमें आवश्यक परिवर्तन को भी शामिल किया जाता है । उक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की लेखा परीक्षाएं जैसे जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा, समवर्ती लेखा परीक्षा, सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा, स्नैप ऑडिट, राजस्व लेखा परीक्षा, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण और क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रबंधन लेखा परीक्षा की जाती है ।

विभिन्न जोखिमों से बैंक को बचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए संभावित जोखिम के क्षेत्रों के संबंध में आंतरिक नियंत्रण बनाए रखने के लिए प्रभावी जोखिम प्रबंधन पर केंद्रित करके शाखाओं की जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) की जाती है। वर्ष 2014-15 के दौरान 1426 शाखाओं का जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा पूरा कर ली गई है।

बैंक के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए शाखाओं/कार्यालयों में सटीकता, प्रामाणिकता और आंतरिक प्रणालियों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बाहरी ऑडिट फर्मों द्वारा समवर्ती लेखा परीक्षा आयोजित की जाती है। वर्ष 2014-15 के दौरान संपूर्ण रूप में कुल जमाराशि का 54 प्रतिशत और कुल अग्रिम का 87 प्रतिशत को शामिल करते हुए बैंक की 472 शाखाओं की समवर्ती लेखा परीक्षा पूरी कर ली गई है ।

बैंक द्वारा अपनाई गई उन्नत तकनीक के परिणाम स्वरूप, आई टी क्षेत्र की जटिलताओं ने विशेष तकनीकी संबंधी जोखिमों को उत्पन्न किया है । इन तकनीकी जोखिमों को कम करने एवं प्रभावी रूप से प्रबंधित करने के लिए सूचना प्रणाली लेखा का संचालन किया गया है । वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक के 51 प्रतिशत व्यवसाय को शामिल करते हुए 204 शाखाओं और 16 क्षेत्रीय कार्यालयों में सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा की गई है। बैंक की आईटी संबंधी मूलभूत सुविधा में भी सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा को शामिल किया गया है।

अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)

बैंक द्वारा अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) और एंटी मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) के दिशानिर्देशों का प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन करने एवं सभी परिचालन इकाइयों द्वारा केवाईसी का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाए गये हैं। केवाईसी / एएमएल के दिशानिर्देशों का सुचारु रुप से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं

- नकद लेनदेन रिपोर्ट (सीटीआर), संदेहास्पद लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर), गैर लाभ संगठन लेनदेन रिपोर्ट (एनटीआर), क्रॉसबोर्डर वायर ट्रांसफर रिपोर्ट (सीडब्ल्यूटीआर), नकली करेंसी नोट रिपोर्ट (सीसीआर) को एफआईयू आईएनडी के साथ दायर करके प्रस्तुत करना।
- सीबीएस प्रणाली से केवाईसी दस्तावेज विवरण लेना।
- प्रणाली के माध्यम से ग्राहकों के जोखिम पृष्ठभूमि।

पैन, पासपोर्ट और आधार संख्या के आधार पर सभी मौजूदा ग्राहक के आईडी विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआईसी) को पूरा कर लिया गया है।

सुरक्षा व्यवस्था :

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुरुप समय-समय पर सुरक्षा उपकरणों को स्थापित करते हुए शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से बैंक ने अपेक्षित कदम उठाया है। हमारे बैंक की शाखाओं को उपलब्ध कराई गई अतिरिक्त सुरक्षा उपकरणों/सेवा निम्नांकित है :

- शाखा की सुरक्षा को और भी मजबूत करने के लिए सभी शाखाओं में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से लैस किया जाएगा । सभी करेंसी चेस्ट शाखाएं पहले से ही सीसीटीवी प्रणाली से लैस किया जा चुका है। इसके अलावा 751 गैर करेंसी चेस्ट शाखाओं में सीसीटीवी प्रणाली पहले से ही उपलब्ध करा दिया गया है। कुल 835 शाखाओं में सीसीटीवी निगरानी उपलब्ध करा दिया गया है। सीसीटीवी के खरीद की औपचारिकताएं पूरी हो गई है और जल्द ही खरीद के लिए आदेश दिया जायेगा।
- अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र के भीतर सभी करेंसी चेस्ट शाखाओं को एकीकृत सुरक्षा समाधान (आईएसएस) के तहत लाया गया है,जिसे संकट के समय नियंत्रण निगरानी और करेंसी चेस्ट के अंदर की गतिविधियां को सीधे लालबाजार पुलिस नियंत्रण कक्ष से देखा जा सकता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक के क्लीन नोट पॉलिसी को लागू करने के क्रम में सभी शाखाओं के काउंटर पर ही जाली भारतीय करेंसी नोटों (एफआईसीएन) की पहचान करने के लिए शाखा में (1 1) पॉकेट डेस्क टॉप प्रमाणक सह सॉर्टर के साथ सुसज्जित किया गया है। यह शाखाओं को जारी करने योग्य नोट एवं नहीं जारी करने योग्य करेंसी नोटों के रूप में छांट कर ग्राहकों और जनता के सदस्यों के बीच पुनर्वितरण करने में सक्षम करता है। खरीद की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है और मशीन ट्रायल के तहत है और जल्द ही खरीद आदेश दे दिया जायेगा और इसे बैंक की सभी शाखाओं में आपूर्ति और स्थापित कर दिया जाएगा।
- वास्तविक भारतीय करेंसी नोटों की विशेषताएं और एफआईसीएन नोट के पता लगाने के लिए सुरक्षा विभाग नियमित रूप से कर्मचारी प्रशिक्षण कॉलेज में सभी अधिकारियों एवं एसडब्ल्यूओ के लिए जागरूकता प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित करता है।
- क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात सुरक्षा अधिकारियों ने वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ऋण वसूली में सक्रिय रूप से भाग लिया है।
